भोपाल, मंगलवार
08 अप्रैल 2025

# दैनिक मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 ▪ अंक-223 ▪ पृष्ठ-08 ▪ मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...

Scan QR Code to Read ePaper

www.madhyaswarnim.com

### केवल 10 प्रतिशत बैंक प्रतिभूति लेकर शराब ठेकेदार को दुकानें संचालित करने की अनुमति !

# ९० प्रतिशत आश्वासन पर चलती रही भोपाल की शराब दुकानें

## बच्चे-बच्चे को पता है सोम डिस्टलरी ने पर्दे के पीछे संगठित खेला था शराब का खेल

खास खबर मध्य स्वर्णिम

आम आदमी,किसान के कुछ हजार रुपये बकाया होने पर शासन-प्रशासन उसकी मोटर /थाली तक नीलाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ता और दूसरी तरफ शराब व्यवसाइयों को मात्र आश्वासन के बूते लगभग पूरे जिले में शराब दुकानें संचालन की अनुमति दे दी जाती है। प्रदेश के किसी दूरस्थ अंचल में यह नाफ़रमानी की जाए तो समझ भी आता है। नियम बनाने वालों की नाक के नीचे धड़ल्ले से नियम कायदों की धज्जियाँ उड़ाई गई और एक सप्ताह बीत जाने के बाद शासन को अपना पैसा लेने की जरूरत समझ आई।दरअसल,भोपाल में शराब से अधिक से अधिक आय के लिए पूरे जिले को चार ग्रुप में बांटा गया।

एकाधिकार कायम कराने के लिए नियम बनाया गया यह शुरू से लोग आवाज उठाते रहे हैं। फिर जैसा स्क्रिप्टेड था, तीन ग्रुप एक ही व्यवसाई को मिला( हालांकि विभाग इससे मना करता रहा )। शहर की 87 शराब दुकानों को केवल चार समूहों में विभाजित किया गया। अब वास्तविक स्थिति यह है कि चार में से तीन ग्रुप के लिए ठेकेदार बैंक गारंटी नहीं दे पाए और अब अनुबंध को ख़त्म करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिले की 87 शराब दुकानें 1193 करोड़ रुपए में नीलाम हुईं थीं,और अधिकारियों ने 11.14 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ अपनी पीठ खुद ही थपथपा ली। दुकानों का रिजर्व प्राइस 1073 करोड़ रुपए निर्धारित था लेकिन टेंडर में ही 1134 करोड़ रुपए से ज्यादा के ऑफर आ गए थे। पिछले साल 895 करोड़ रुपए राजस्व मिला था। इस बार इसके मुकाबले 298 करोड़ रुपए ज्यादा राजस्व मिलेगा।


जिले की 87 शराब दुकानों में से 62 दुकानें, यानी 71 प्रतिशत से अधिक, सोम ग्रुप को मिली हैं।दरअसल, टेंडर और ऑक्शन की प्रक्रिया में कुल 16 बिड डाली गई थीं।इनमें से ग्रुप 1, 2 और 4 सोम ग्रुप की फर्मों को मिले, जबकि ग्रुप 3 शिवहरे ग्ररुप की फर्म को मिला।शराब के धंधे में प्रदेश में पहले से ही बदनाम सोम ने दुकान मिलते ही अपना रंग दिखाना शुरू किया या यूं कहें अधिकारियों ने नखरे सहना शुरू कर दिया। दुकान संचालन की पहली अर्हता होती है बैंक गारंटी जिसको पूरा किए बिना किसी को भी दुकान के संचालन की अनुमति नहीं होती।

लेकिन इस मामले में सोम के तीनों समूहों को प्रारंभिक 10 प्रतिशत की बैंक गारंटी के साथ दुकान चलाने की अनुमति तो मिल गई, लेकिन उसके बाद आबकारी और जिला प्रशासन खबर लिखे जाने तक शेष दो समूहों की बैंक गारंटी नहीं ले पाया है।

### खबर जो आपको जानना चाहिए

दरअसल सोम डिस्टलरी शराब निर्माता होने की वजह से सीधे रिटेल में व्यवसाय नहीं कर सकती थी,ऐसा जानकारों का मानना है। लिहाजा उन्होंने अपने ही कर्मचारियों, केयर टेकर के नाम पर एक कंसोर्टियम बनाया जिससे वो टेंडर ऑक्शन प्रक्रिया में भाग ले पाए। अब चूंकि जिनके नाम पर ठेके आवंटित हुए हैं,उनकी साख ( बैंकिंग शब्दावली) इतनी नहीं कि कोई भी बैंक इतनी बड़ी गारंटी दे पाए। इसलिए अब बैंक गारंटी देने में पसीने छूट रहे हैं।मामला पब्लिक डोमेन में आने की वजह से सोम ज्यादा इरादतन गड़बड़ी भी नहीं करना चाहेगा। मूल प्रश्न तो अब यह है कि लगभग 7 दिन भी क्यों दुकान संचालन की अनुमति बिना बैंक गारंटी किसने और क्यों दी ?

### इनका कहना है



इसका उत्तर जिला स्तर पर ही मिलेगा, बैंक गारंटी को लेकर नियम स्पष्ट है। यदि हमारे पास कोई जानकारी या शिकायत आती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**अभिजीत अग्रवाल**
**आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश**



समूह 3 की बैंक गारंटी मिल गई है, 1,2,4 के लिए 10 प्रतिशत की बैंक गारंटी के बाद दो समूह एक और दो की बीजी नहीं मिली है। 7 अप्रैल तक का समय दिया गया है। बैंक गारंटी नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी।

**कौशलेन्द्र विक्रम सिंह**
**कलेक्टर,भोपाल**

## @खबर संक्षेप

### आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

**जयपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है।सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है। अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद आसाराम ने 1 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। लेकिन करीब 10 घंटे बाद रात 11:30 बजे उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी इलाज के आधार पर उन्हें तीन महीने की अंतरिम जमानत दी थी। उसी फैसले को आधार बनाकर राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई की मांग की गई थी।

### बीजेपी को सबसे अधिक 2243 करोड़ का चंदा मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है। ये देश के राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सर्वाधिक है। चुनाव से संबंधित एक संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। यह रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर आधारित है। इन आंकड़ों में 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे के बारे में जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय दलों को मिले कुल घोषित चंदे की राशि 2,544.28 करोड़ रुपये है, जो 12,547 दाताओं से प्राप्त हुआ है। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। अकेले बीजेपी के घोषित दान का कुल हिस्सा 88 फीसदी है। कांग्रेस 1,994 दान से 281.48 करोड़ रुपये के चंदे के साथ दूसरे स्थान पर रही जो बीजेपी से काफी नीचे है।आम आदमी पार्टी , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर शून्य दान की घोषणा की, जो पिछले 18 वर्षों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है।बीजेपी को मिलने वाला चंदा वित्त वर्ष 2022-23 के 719.858 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया, जो 211.72 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है। एडीआर रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.924 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 281.48 करोड़ रुपये हो गया, जो 252.18 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

## बीएनएस की जानकारी जन-जन पहुंचाना आवश्यक: सीएम

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बने इन कानूनों और नवीन प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

न्याय प्रणाली से जुड़ी सभी संस्थाओं में अद्यतन व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जन-सामान्य को नई धाराओं और प्रक्रियाओं से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने के लिए नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस, जेल, अभियोजन, न्यायिक एवं फॉरेंसिक कर्मियों के बीच अद्यतन तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी हितधारकों में हर स्तर पर बेहतर समन्वय जरूरी है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था, उपकरण और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अचल सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ राजस्व का अमला भी सजग और सतर्क रहे, साथ ही दोनों विभागों में परस्पर समन्वय भी हो। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों सहित जिन क्षेत्रों में भूमि की दरें तेजी से बढ़ रही है, वहां विशेष सजगता बरती जाए।

### जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार करें



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय समाज स्व-नियंत्रित और सुसंस्कृत समाज है। राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को प्रशासन अकादमी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का महानिदेशक प्रशासन अकादमी श्री सचिन सिन्हा द्वारा पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण शुभारंभ पर अकादमी संकल्प गान की प्रस्तुति हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों का ग्रुप फोटो भी हुआ।

## शेयर बाजार में आई भारी गिरावट से मचा हाहाकार

### एक दिन में ही निवेशकों के 19.4 लाख करोड़ रुपए हुए स्वाहा



**नई दिल्ली।** अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजार बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क बढ़ाये जाने और चीन के जवाबी कदम से आर्थिक नरमी की आशंका के बीच बाजार में गिरावट आई है।सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक गिर गया, जबकि निफ्टी 742.85 अंक से अधिक गिर गया, जो हाल के महीनों में सबसे तेज गिरावट में से एक है। विभिन्न क्षेत्रों में दबाव बढ़ने से निवेशक सतर्क हो गए, जिससे कारोबारी सत्र के अंत तक बाजार लगभग 3त्न नीचे गिर गया।बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 19.4 लाख करोड़ रुपये घटकर 383.95 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### ट्रंप ने भ्रम से पर्दा हटाया : राहुल

शेयर मार्केट में भारी गिरावट के बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने भ्रम से पर्दा हटा दिया है। वास्तविकता सामने आ रही है। पीएम मोदी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भारत को वास्तविकता स्वीकार करनी होगी। हमारे पास एक लचीली, उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है जो सभी भारतीयों के लिए काम करे।

### सही समय पर कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा: शाह

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को भाजपा के 28 विधायकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और राज्य की सुरक्षा स्थिति, विकास पहलों तथा राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा सही समय पर बहाल किया जाएगा, जिससे राज्य के



राजनीतिक पुनर्गठन की दिशा में एक नया संकेत मिला है। त्रिकुटा नगर स्थित भाजपा मुख्यालय में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, भाजपा के जम्मू-कश्मीर प्रभारी तरुण चुग, यूटी अध्यक्ष सत शर्मा, एलओपी सुनील शर्मा, सांसद जुगल किशोर शर्मा और गुलाम अली खटाना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में सुरक्षा, संगठनात्मक रणनीतियों और आगामी चुनावों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। गृहमंत्री का दौरा भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर हुआ, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का माहौल रहा। शाह का पार्टी मुख्यालय आगमन पार्टी के लिए संघटनात्मक मनोबल बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने बैठक में कहा कि जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं पर बहुत जल्द पूर्ण विराम लगेगा। उन्होंने कठुआ जिले में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियानों की जानकारी ली और सुरक्षाबलों की सराहना की। शाह ने दोहराया कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतंत्र की बहाली के लिए प्रतिबद्ध है।

## घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए का इजाफा

**नई दिल्ली।** जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया।



मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, 'एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं।

इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है।




@POLYTOON

**गड़बड़झाला**

### सीएम के सख्त तेवर ,राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम पीड़ितों से मिली

## फर्जी डॉक्टर एन जॉन केम के खिलाफ मामला दर्ज, हुआ गिरफ्तार

**दमोह।** अस्पताल में हार्ट सर्जरी के दौरान 7 मौतों के आरोपों के बीच पहला मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में रात के अंधेरे में देर रात जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने कोतवाली थाना पहुंचकर सर्जरी करने वाले फर्जी डॉक्टर डॉ. एन जॉन केम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। देर शाम आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि एमपी श्रुतकीर्ती सोमवंशी ने की है।

दमोह कलेक्टर कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि



राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम दमोह पहुंची है। आयोग की तीन सदस्यीय टीम ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से चर्चा की है। इसके अलावा टीम पीड़ित परिवार के लोगों से भी मिल रही है। साथ ही ऑपरेशन से संबंधित कागजातों को भी देखा जा रहा है। ये क्रम अभी लगातार चलेगा। आयोग की टीम नौ अप्रैल दोपहर तक रहेगी।

टीम जो भी प्रमाण मांग रही है, वो सभी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आयोग के निष्कर्षों के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। वहीं टीम के सदस्यों से मीडिया ने बात करनी चाही।

### आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा

फर्जी डॉक्टर एनजोन कैम पर एफआईआर दर्ज हो गई है। साथ ही सरकार अब सख्त एक्शन लेने की तैयारी में है। सीएम मोहन यादव की पहली बार इस पर प्रतिक्रिया आई है। उन्हें सख्त लहजे में कहा है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम मोहन यादव ने कहा कि घटना हमारी जानकारी में है। हमारी सरकार उस पर कठोर कार्रवाई कर रही है। हम ऐसे मामलों में त्वरित एक्शन लेते हैं। हमारी सरकार की अपनी साख है।

### कांग्रेस ने की एक-एक करोड़ मुआवजे की मांग

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि सक्सेना ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यधिक खराब हो चुकी हैं, जिससे जनता की जान खतरे में है। उन्होंने दमोह जिले के फर्जी डॉक्टर मामले में सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की।सक्सेना ने कहा कि दमोह के मिशनरी अस्पताल में नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक शख्स ने 'डॉ. एनजॉन केम' के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की। उसने जनवरी-फरवरी 2025 में 15 से ज्यादा हार्ट सर्जरी कीं, जिनमें से 8 मरीजों की मौत हो चुकी है।

### मिला एक और फर्जी डॉक्टर, कोराना काल में एक साल तक दी सेवाएं

**जबलपुर।** दमोह में एक फर्जी डॉक्टर ने खुद को कार्डियोलॉजिस्ट बताया। नाम रखा — डॉ. एन जॉन कैम। ऐसा ही मामला जबलपुर में सामने आया है। शुभम अवस्थी नाम का एक शख्स, जो खुद को BAMS डॉक्टर बता रहा था, उसकी डिग्री जाली निकली। उसने बीएएमएस की फर्जी डिग्री का इस्तेमाल किया। वह कोरोना काल में विक्टोरिया अस्पताल में एक साल तक ड्यूटी पर रहा। न्यायालय के आदेश पर सिविल लाइंस थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।आरोप है कि उसने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की फर्जी डिग्री पेश की थी। इस मामले के सामने आने के बाद राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। यह मामला तब खुला जब शैलेंद्र बारी नाम के एक व्यक्ति ने शुभम अवस्थी की डिग्री पर सवाल उठाए। उन्होंने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की शुरुआती जांच में डिग्री नकली पाई गई। कोरोना की पहली लहर में प्रदेश भर में संविदा चिकित्सकों की भर्ती हुई थी। इसी दौरान शुभम अवस्थी ने फर्जी डिग्री का इस्तेमाल किया।उसने दावा किया कि वह शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज का छात्र है। इसके बाद उसे विक्टोरिया जिला अस्पताल में नौकरी मिल गई। शिकायत होने के बाद जब जांच शुरू हुई, तो शुभम अवस्थी ने नौकरी छोड़ दी। हैरानी की बात यह है कि उसकी तस्वीरें मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भी हैं। बताया जा रहा है कि शुभम अवस्थी भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ से भी जुड़ा हुआ था।इस नियुक्ति में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का प्रस्ताव था।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### जाटाछापर में टंकी मे डूबकर युवक की मौत

परासिया। ग्राम पंचायत जाटाछापर में टंकी में डूब कर युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह 5ः30 बजे के आसपास की है। युवक टंकी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान वह टंकी में गिर गया। टंकी में पानी कम था लेकिन गिरने से उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है कि युवक नशे में था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बड़कुही पुलिस ने पंचनामा बनाया। परासिया में शव का पोस्ट मार्टम कराया गया।

### डेहरिया मेहरा समाज ने बनाई कार्यकारिणी



परासिया ।डेहरिया मेहरा समाज ब्लॉक परासिया व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पर राजेश डेहरिया की नियुक्ति की गई है। राजेश डेहरिया ने इस नियुक्ति के लिए सभी का आभार माना है।

### दरबई मे भागवत पुराण में बताई भागवत की महिमा



**परासिया।** ग्राम दरबई में सात दिनों का सत चंडीयज्ञ और भागवत पुराण एवं दुर्गा , शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनपद उपाध्यक्ष जमील खान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने इस धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। जमील खान ने कथावाचक का सम्मान किया। इस ग्राम में दरबई गादी माता का एक प्रसिद्ध मंदिर है ।इसके निर्माण में जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने विशेष सहयोग किया। जाटा छापर में रामनवमी के जुलूस का जनपद उपाध्यक्ष जमील खान एवं कौमी एकता के अध्यक्ष तथा उनके साथियों ने स्वागत किया भंडारे में सम्मिलित हुए।

### हनुमान मंदिर कोसमी में बाबा हनुमान का किया तिल से श्रृंगार




**परासिया।** छिंदवाडा मार्ग पर सिद्धपीठ हनुमान मंदिर कोसमी में सोमवार को बाबा हनुमान का तिल से श्रृंगार किया गया। तिल से बने वस्त्र प्रतिमा को पहनाए गए। अप्रेल माह में छह दिनों तक लगातार महाभिषेक किया जाएगा। छह अप्रेल से ग्यारह अप्रेल तक महाभिषेक होगा। इसके साथ ही प्रतिमा का श्रंगार भी प्रतिदिन किया जाएगा। जय श्रीराम ग्रुप ने मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों से शामिल होने की अपील की है। जय श्री राम ग्रुप एवं हनुमान मंदिर समिति कोसमी द्वारा महाभिषेक और श्रृंगार किया जा रहा है।। रविवार को रुद्राक्ष से श्रंगार किया गया था। 12 अप्रैल को महाप्रसाद भंडारा एवं संध्याकालीन विशाल देवी जागरण गायिका राधिका यदुवंशी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। छह दिनों के विशेष श्रंगार में नारियल किस एवं केसर के वस्त्र, तिल के वस्त्र, मोर पंख के वस्त्र, आर्टिफिशियल नाग एवं मोती के वस्त, , 10 के नोट के वस्त्र का श्रंगार किया जाएगा।

### जिले में पशु चारा-भूसा के निर्यात पर लगी रोक

रायसेन। जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा-भूसा की आपूर्ति बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता पवार द्वारा तत्काल प्रभाव से जिले से अन्य राज्यों में पशु चारे-भूसा का निर्यात प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश के तहत पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, भूसा, घास, कड़वी ज्वार के डंठल, पैरा धान के डंठल आदि का जिले से अन्य राज्यों में निर्यात, उद्योगों एवं ईट के भट्टे में जलाने को मप्र चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से 30 जून 2025 तक प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### समर्थन मूल्य पर गेहूॅ विक्रय हेतु कृषक 09 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

रायसेन। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। किसान भाइयों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई है। जिन किसानों ने अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे 9 अप्रैल तक पंजीयन जरूर करा लें। मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

### चांदामेटा में निकली झांकी, सडकों पर निकले लोग


परासिया ।चांदामेटा में रामनवमी पर भगवान राम की झांकी केसाथ शोभायात्रा निकाली गई। जगह जगह से झांकिया निकाली गई। अचल झांकी भी बनाई गई। सडकों पर भारी भीड उमडी। तरह तरह की झांकियां देखने लोग सडक पर निकले। शोभायात्रा के स्वागत के लिए जगह जगह भंडारे किए गए।

# राम नगर के नक्शे पर दिख रहे तीन प्लाट धरातल से हो गए गायब!

## -राम नगर के कॉलोनाइजर के काले कारनामे हो रहे उजागर होगी सख्त कार्रवाई

*-कॉलोनाजर पर सख्त से सख्त कार्रवाई की कॉलोनी के रहवासियों ने की मांग*

*-एसडीएम कर रहे पूरे मामले की जांच बंधक प्लाटों में बड़ी हुई गड़बड़ी*




**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

जिला प्रशासन की नाक के नीचे ही कॉलोनाइजरों द्वारा जमकर हेराफेरी की है जिसकी वजह से शहर की कॉलोनियों में निवास करने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। रायसेन नगर में कॉलोनियों की विकास की अनुमति तो ली गई लेकिन कॉलोनियों की विकास की अनुमति प्रदान करने वाले जिम्मेदार अधिकारियो की अनदेखी एवं जमकर हुई कमीशनखोरी की वजह से जनता को सिर्फ ठगा ही गया है लेकिन अब नागरिक लामबंद हो गए है और कार्रवाई की मांग की जा रही है। इसी तरह अब रायसेन नगर के वार्ड क्रमांक 04 में राम नगर कॉलोनी का मामला उजागर हुआ है जहां मिलीभगत की दम पर बंधक प्लाटों का विक्रय कर दिया गया तो कुछ प्लाट का अनुबंध कर दिया है।

एक मामला तो ऐसा सामने आया जहां बंधक प्लाट पर नगर पालिका ने भवन निर्माण अनुज्ञा तक जारी कर दी है। वहीं कॉलोनियों के रहवासियों की माने तो कॉलोनी के नक्शा में तीन पार्क है लेकिन धरातल पर एक पार्क तक नहीं है।

### कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम कर रहे जांच

रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के पास राम नगर कॉलोनी का मामला सामने आने के बाद उसे उन्होंने पूरी गंभीरता से लिया है और पूरे मामले की जांच रायसेन एसडीएम मुकेश ङ्क्षसह द्वारा की जा रही है। रायसेन एसडीएम मुकेश सिंह ने कॉलोनाइजर दीपक राठौर, राहुल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, श्रीमति प्रीति शर्मा को 4 अप्रैल 2025 को नोटिस भी जारी किया है। जिसमें पूरे कॉलोनी को जांच के दायरे में लेकर पूरे रकबा की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं इस नोटिस के बाद 5 अप्रैल को मौके पर कॉलोनाइजरों के ना पहुंचने पर अब इस पूरे मामले की राजस्व का अमला जांच करने में जुटा हुआ है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्कूल में हुई चित्रकला प्रतियोगिता



**रायसेन।** जिले के सांची नगर में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एनसीसी 47 केडेट्स, स्कूल के प्राचार्य संजय अग्रवाल, एएनओ श्रीमती रश्मि पाठक और स्कूल का स्टाफ मौजूद था। इस अवसर पर कर्नल विकास गुप्ता ने बच्चों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाएं। उन्होंने बच्चों की कला को सराहा और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना थाए और इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से स्वास्थ्य विषय पर बेहतरीन चित्र प्रस्तुत किए। और विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

# 607 जोड़ों के 13 अप्रेल को कन्यादान योजना से होंगे विवाह

## एसडीएम ने तैयारियों पर की चर्चा, विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी




**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**


जनपद पंचायत परासिया के सभाकक्ष में परासिया एसडीएम पुष्पेंद्र निगम ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के विवाह आयोजन को लेकर बैठक की। बैठक सोमवान को चार बजे तक चली। बैठक में एसडीएम ने विवाह आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की। विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक में परासिया उमरेठ तहसीलदार, जनपद पंचायत परासिया की सीईओ स्वाति सिंह बघेल, सभी विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि अब तक 607 रजिस्ट्रेशन किए गए है। विवाह समारोह 13 अप्रेल को ईडीसी मैदान परासिया में आयोजित किया जाएगा। बारात पिपरिया रोड के लान से निकलेगी। ईडीसी मैदान में गायत्री परिवार विवाह संस्कार संपन्न कराएगा। विवाह के जोडों की जांच वेरिफिकेशन को लेकर एसडीएम ने जानकारी ली। सफाई कार्य नगरीय निकायों को, पानी की जिम्मेदारी पीएचई को सौंपी गई। सभी कार्यों के प्रभारी तय किए गए। परासिया में पहली बार इतनी बडी संख्या में विवाह होने जा रहे है। गर्मी को देखते हुए इसकी व्यवस्था करने के भी एसडीएम ने निर्देश दिए। वर पक्ष को दस और वधु पक्ष को दस कूपन भोजन के लिए दिए जाएंगे।

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा , राममय हुए लोग

## रंगारंग शोभायात्रा निकाली गई, युवाओं ने बजाए डमरू

**परासिया।** रामनवमी पर परासिया में उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी पर रात शोभायात्रा शुरू हुई। पूरे उत्साह के साथ सड़क पर भारी भीड़ के साथ लोग मौजूद थे। तहसील के पास से जुलूस शुरू हुआ। इससे पहले शिव मंदिर की झांकी तहसील के पास पहुंची। वहां से एक साथ झांकियों के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में राम दरबार, भगवान राम, हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भगवा ध्वज के साथ नाचते झूमते भक्त पूरे उत्साह में थे। एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट, टीआई जिगोतिन मसराम व्यवस्था बनाने स्टाफ के साथ उपस्थित रही। बडी संख्या में युवतियां शोभायात्रा में नाचते झूमते चल रही थी। भगवान राम की शोभायात्रा में युवाओं ने झांझ और डमरू बजाए। डमरू दल के साथ बाबा महाकालकी झांकी ने शोभायात्रा का आकर्षण बढाया। शोभायात्रा में अनुज पाटकर ने गदा लेकर नृत्य किया। गदा लेकर गगन खंडूजा के साथ उन्होंने नृत्य किया। शोभायात्रा के साथ जांबवंत की वेशभूषा में युवक आकर्षण का केंद्र रहा।



# बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे सांसद बंटी साहू

## बाइक चलाई, कार्यकर्ताओं के साथ ठेले पर खाई चाट

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

छिन्दवाड़ा सांसद बंटी साहू सोमवार को 4रू00 बजे परासिया के जाटा छापर बगलामुखी माता मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। बाइक रैली में सांसद बंटी साहू ने खुद बाइक चलाई ।वापसी में परासिया में ठेले पर खड़े होकर कार्यकर्ताओं के साथ चाट खाई ।इससे पहले 3रू00 बजे सांसद बंटी साहू का स्वागत परासिया नगर पालिका के सामने नगर पालिका अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने किया ।

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय उपाध्यक्ष, महेश सोमकुंवर, मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, सभापति गण पाषर्दगंण इस दौरान उपस्थित रहे। इसके बाद सभी बाइक रैली से जाटाछापर के बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे ।क्षेत्र में बगलामुखी माता मंदिर की भक्तों के बीच आस्था है ।मंदिर पहुंचकर सांसद बंटी साहू ने पूजन किया और देवी का आशीर्वाद लिया।

चांदा मेटा बड़कुहीऔर रास्ते में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया । वापसी में परासिया गुरु गोविंद सिंह चौक की चाट की दुकान में पहुंचे । यहां कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने चाट और गुपचुप खाई और कार्यकर्ताओं के साथ चाट पर चर्चा की ।



# प्रत्येक गरीब के पास होगा उनका अपना पक्का घरः केंद्रीय कृषि श्री चौहान

## बेगमगंज में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने तीन करोड़ 54 लाख रू के निर्माण कार्यो का किया लोकार्पण

**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में बेगमगंज जनपद के सुनवाहा में लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने तीन करोड़ 54 लाख रू के विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें 70 लाख रू के विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन किया गया और दो करोड़ 84 लाख रू लागत के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण किया गया।




कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी और अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि देश के प्रत्येक गरीब परिवार के पास अपना खुद का पक्का घर हो, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार गरीबों के खुद के पक्के घर के सपने को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024.25 में सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में 7638 नवीन आवास स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही 29292 आवास पंजीयन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन पात्र नागरिकों के नाम छूट गए हैंए सर्वेक्षण कर उनके नाम जोड़ जाएंगे और उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

कार्यक्रम ने पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने भी सरकार द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों तथा योजनाओं के बारे में संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी प्रदान किए गए।

# सीएम हेल्पलाईन तथा योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की समीक्षा

## कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक सम्पन्न



**रायसेन(मध्य स्वर्णिम) ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या ना हो, हैण्डपम्प या नलकूप खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही शीघ्र सुधरवाए जाएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए रायसेन सीएमओ तथा पीओ डूडा सुरेखा जाटव को सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 222 सीएम हेल्पलाईन शिकायतें लंबित होने निराकरण का प्रतिशत 55.49 प्रतिशत होने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालन यंत्री पीएचई को आगामी सात दिवस में अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया।

# बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, ईलाज के दौरान 3 की मौत

## जन्मदिन पर छींद धाम दर्शन करने गए, एक की अगले महीने थी शादी



**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।**

जिले के देवनगर थाना क्षेत्र के सरसौद मोड़ पर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मंदिर दर्शन से लौट रहे तीन युवकों की दरमियानी रात मौत हो गई। चश्मदीदों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक 10 फीट दूर जा गिरे। घटना में अनिकेत मीणा 24 बर्ष सहित रोहित मीणा 24बर्ष और सरवन मीणा 26बर्ष की मौत हो गई। रविवार को अनिकेत जन्मदिन था। इसलिए सभी दर्शन करने छींद धाम गए थे। वहीं रोहित मीणा, अनिकेत का चचेरा भाई है जिसकी अगले महीने शादी होने वाली थी। घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसर गया है।

### इलाज के दौरान दोनों ने तोड़ा दम

टक्कर में अनिकेत मीणा और रोहित मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों के पैर टूट गए थे। जिला अस्पताल में होश आने पर दोनों दर्द से कराहते और फिर बेसुध हो जाते थे। हालत गंभीर होने के कारण दोनों को भोपाल रेफर किया गया, जहां रात को इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। वहीं सरवन के सिर, मुंह और हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं। पीएम के बाद शव परिवार को सौंपा गया। देवनगर टीआई शैलेंद्र दायमा ने बताया कि अनिकेत और रोहित दोनों चचेरे भाई थे। तीनों अनिकेत का जन्मदिन मनाने छींद धाम गए थे। इसी दौरान लौटते समय ये हादसा हो गया। रोहित मीणा की अगले महीने शादी होनी थी। उन्होंने कहा कि टक्कर मारने वाली बोलेरो को जब्त कर लिया गया है और गैरतगंज निवासी फरार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गांगीवाडा में कोलोनाईजर ने गिराया, पेड और खंभे

## मुख्य मार्ग पर गिरा पेड, यातायात हुआ ठप



परासिया। छिंदवाडा परासिया मार्ग पर गांगीवाडा में पैट्रोल पंप के सामने कोलोनाईजर की गलती से मुख्य मार्ग पर यातायात जाम हो गया। लंबे समय तक सडक बाधित रही। रविवार को नौ बजे के आसपास सडक पर पेड और बिजली के खंभे गिरे। स्थानीय कालोनाईजर ने पेड काटा था। जिससे पेड और खंभे सडक पर आ गए। यातायात जाम होते ही पेड काटने वाले और कालोनाईजर भाग गए। नागरिकां और राहगिरों ने किसी तरह पेड को हटाया और यातायात को चालू किया। पैट्रोल पंप के सामने जहां बाजार लगता है वहां कोलोनाईजर पेड कटवा रहा था। पेड काटते समय चूक होने से पेड और बिजली के खंभे सडक पर आ गए। इस मामले में नागरिकों ने कार्रवाई की मांग की है। सैकडों लोगों को इस चूक से परेशान होना पडा।

# जिले में आज से शुरू होगा पोषण पखवाड़ा, कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश

**रायसेन।** जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आज 08 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, आयुष विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वित रूप से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है किशासन द्वारा व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### हैवान बना रिश्ते का 35 साल का भाई, 8 साल की मासूम से किया दुष्कर्म का प्रयास

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम सुहाया के जंगल में शाम 8 साल की मासूम बच्ची के साथ उसके 35 साल के रिश्ते के भाई द्वारा दुष्कर्म के प्रयास का रिश्तो को कलंकित किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी बच्ची को बाइक से अपने घर खाना बनाने ले जा रहा था। बाइक पर उसने बच्ची के साथ गंदी हरकत की जिस पर नजर पड़ने पर तो कुछ लोगों ने बाइक से उसका पीछा किया। आरोपी मासूम को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा लेकिन पीछा कर रहे लोगों ने उसे पकड़कर धुनाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए थाने लाकर उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बैरसिया के एक गांव में रहने वाली 8 साल की मासूम के पिता नहीं है, वह मां के साथ चाचा के घर पर रहती है। उनके घर 35 साल के बुआ का बेटा आलोक अहिरवार (परिवर्तित नाम) का आना-जाना है। प्रखर करीब 15 किमी दूर गांव में रहता है, और विवाहित है, उसके बच्चे भी हैं। प्रखर अक्सर घर में खाना बनाने के लिए बच्ची को अपने साथ लेकर जाता था। वह मासूम बच्ची को अपने साथ ले जाने के लिये घर पहुंचा। और बाद में उसे बाइक पर बैठाकर अपने घर ले जा रहा था। बताया गया है कि वह शराब के नशे में था। रास्ते में उसने चलती बाइक पर मासूम बच्ची के साथ गंदी हरकत की। उसकी इस करतूत पर वहॉ से जा रहे दो बाइक सवार लोगों की नजर पड़ गई। अनहोनी आशंका के चलते लोगों ने कुछ दूर तक उसकी बाइक का पीछा करने का सोच उसका पीछा करना शुरू कर दिया।

### मंत्री के कार्यालय में पदस्थ महिला अधिकारी की पत्नी से पार्क में छेड़छाड़

भोपाल। प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री के कार्यालय में पदस्थ अधिकारी की पत्नी के साथ एकांत पार्क में ईवनिगं वॉक के दौरान एक मनचले द्वारा छेड़छाड़ किये जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता अधिकारी की पत्नी जिला अदालत में कार्यरत हैं। घटना के समय वह अकेली होने के कारण घबरा गईं। बाद में उन्होंने अपने पति के साथ थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया जिसकी पुलिस हुलिये के आधार पर पहचान जुटाने के प्रयास कर रही है। थाना पुलिस के मुताबिक 48 वर्षीय महिला ने बतायसा की जिला अदालत में पदस्थ हैं। जबकि उनके पति एक मंत्री के कार्यालय में सचिव स्तर के अधिकारी हैं। वह रोजाना एकांत पार्क में ईवनिगं वॉक के लिये जाती है। शनिवार शाम भी वह टहलने के लिये पार्क में गई थी। इस दौरान एक मनचले उनके पीछे की और से आया और अश्लील छेड़छाड़ करने के साथ ही अभद्रता करते हुए भाग गया। उस समय अकेली होने के कारण वह घबरा गई और फौरन ही पार्क से बाहर निकलकर घर चली गईं। बाद में उन्होनें अपने पति को पूरी बात बताई। इसके बाद पति उन्हें लेकर हबीबगंज थाने पहुंचे जहॉ पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है, कि आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नाबालिगो ने युवक के साथ मिलकर झपटा था युवक का मोबाइल, तीनो गिरफ्तार

भोपाल। मंगलवारा थाना इलाके में युवक के हाथ से मोबाइल झपटकर फरार होने वाले तीन आरोपियो को पुलिस ने 24 घंटो में ही दबोच लिया है। आरोपियो में एक युवक सहित दो नाबालिग भी शामिल है। थाना प्रभारी मंगलवारा निरीक्षक अजय कुमार सोनी ने बताया की फरियादी विशेष अहिरवार पिता करन सिंह अहिरवार (18) निवासी ग्राम बरदा अमरपुरा थाना शमशाबाद जिला विदिशा हाल पता, गोपाल नगर आंनद नगर थाना पिपलानी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की बीते दिन वह अपनी नानी के घर सॉंची जा रहा था। नानी के घर जाने के लिये आनंद नगर से ऑटो में सवार होकर भारत टॉकीज ब्रिज के पास उतरा था। ई-रिक्शा से उतरकर वह ब्रिज पर पैदल जा रहा था, करीब 11 बजे डबल फाटक चौराहा के पास बाइक सवार तीन बदमाश तेज रफ्तार से आए, एक बदमाश ने विशेष के हाथ में पकड़ा 18 हजार कीमत का मोबाइल झपटा और नौ-दौ ग्यारह हो गए। पुलिस ने बदमाशों की पहचान जुटाने के लिये घटनास्थल के आसपास लगे दर्जनो सीसीटीवी कैमरो को खंगाला। सीसीटीवी फूटेज और मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए पुष्पा अपार्टमेंट भारत टाकीज ब्रिज के नीचे से वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी सद्दाम शेख पिता हुसैन शेख (33) निवासी, संजय नगर कालोनी थाना हनुमानगंज सहित उसके दो नाबालिक साथियों को दबोच लिया।


**थाना रातीबड पुलिस को मिली सफलता**

# पुलिस ने 48 घण्टे के अंदर लाखो की चोरी नकबजनी की घटना का किया खुलासा

## 04 दिन पूर्व भी मंदिर मे हुई चोरी की घटना का किया था 24 घण्टे के अंदर खुलासा

**भोपाल।** शहर में होंने वाली चोरी, नकबजनी एवं गंभीर घटनाओ पर अंकुश लगाने एवं अपराधियो पर नियंत्रण हेतु एवं अपराधियो के विरुध्द कडी कार्यवाही करने एवं पीडित को न्याय दिलाने हेतु पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल श्री अवधेश गोस्वामी द्वारा आरोपियो की धड पकड हेतु एवं कार्यबाही हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देशो के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त महोदय अखिल पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस उपायुक्त महोदय जोन-01 श्रीमती रश्मि अग्रवाल दुबे व सहायक पुलिस आयुक्त महोदय टीटी नगर श्रीमान चन्द्रशेखर पान्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रातीबड़ उनि0 रास बिहारी शर्मा के नेतृत्व में थाना रातीबड़ पुलिस नें चोरी, नकबजनी की घटना का खुलासा कर चोरी करने वाली गैंग को लिया अभिरक्षा मे ।



दिनांक 05.04.2025 आवेदिका केसकली मिश्रा नि0 नियर खेडापति हनुमान मंदिर डीपीएस रोड भोपाल थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट किया आज दिनांक 05/04/2025 के 12.30 बजे घर पर ताला लगा कर मंदिर गए थे। दोपहर करीबन 03.00 बजे वापस आकर देखा तो सामने के लोहे वाले गेट का ताला लगा हुआ था घर का मेन दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो मेरे कमरे की दो अलमारी का लाकर टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पडा था और मेरी बेटी पुष्पा मिश्रा के कमरे की अलमारी का लकर टूटा हुआ था, उसका भी पूरा सामान बेड पर बिखरा पडा हुआ था। किसी अज्ञात चोर ने उनके घर के दरवाजे और अलमारी का ताला तोडकर घर में प्रवेश कर घर में चोरी की है, जिस पर धारा 331(3), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया।

घटना के संबंध में बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तो गया जो पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल द्वारा तत्काल थाना पर टीम गठित कर नकबजनी की घटना का पता कर चोरी गये आभूषण बरामद कर आरोपीयो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

अति. पुलिस उपायुक्त महोदय जोन-01 श्रीमती रश्मि अग्रवाल दुबे व सहायक पुलिस आयुक्त टीटी नगर चन्द्रशेखर पान्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रातीबड़ उनि0 रास बिहारी शर्मा के नेतृत्व में थाना पर तीन अलग अलग टीमों का गठन कर घटना के संबंध में पतारसी की गयी जो संदेहियों के आने जाने के रास्ते एवं उनकी गतिविधियों का सूक्ष्मावलोकन रातीबड, कमलानगर, टीटीनगर, श्यामला हिल्स, चूनाभट्टी के प्रमुख मार्गों के चौराहों सहित कालोनी की गलियो के करीब 450 कैमरों का सूक्ष्मावलोकन करने पर 04 संदेही दिखाई दिए जिनके आने एवं जाने का रूट तस्दीक करने एवं तकनीकी संसाधनों उपयोग एवं मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर निषकर्ष प्राप्त हुआ कि घटना कारित करने वालो के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई की चोरी करने वाले चार लोग है जिनमे से दो शबरी नगर एवं दो बीजासेन नगर भोपाल के कुल चार आरोपीयो की जानकारी प्राप्त हुई।

जिनमे 1. विक्रम साहु पुत्र अभयराम उम्र 25 साल नि. भोपाल सहित अन्य तीन विधि विरोधी बालक है उक्त चारो को अभिरक्षा मे लेकर घटना के संबंध में सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि चारो दोस्त मिलकर नीलबड तरफ गए थे जो एक सूने घर मे ताला लगा दिखाई दिया तो चारो दोस्तो ने मिलकर घर के बाहर लगा ताला रॉड से तोडकर घर के अंदर घुसकर अलमारियो के ताले तोडकर अलमारी मे अंदर रखे सोने, चाँदी एवं हीरे के आभूषण चोरी कर आपस मे बाँटना बताया जो आरोपीयो से चोरी किए आभूषण जप्त कर अन्य घटना के संबंध मे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# ऑनलाइन सोने के सिक्के ऑर्डर करने के बहाने कॉमर्स कंपनी को लगा दी लाखों की चपत

## कंपनी के डिलेवरी ब्वॉय ने लालच में आकर दिया जालसाज का साथ




**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना इलाके में एक जालसाज ने ऑनलाइन सोने के सिक्के आर्डर करने के बहाने ई- कॉमर्स कंपनी को लाखों रुपए की चपत लगा दी। शातिर ने पहले तो ऑनलाइन ई-कॉमर्स वेबसाइट से सोने के सिक्के आर्डर किए। डिलेवरी मिलने पर उसने पार्सल मिलने के बाद डिलेवरी ब्वाय को रुपए देकर पैकिंग खोली और उसमें से सोने के सिक्के निकाल लिए।

साथ ही आर्डर को तुरंत रिटर्न कर दिया। ऑर्डर कैंसिल होने से उसके रुपए भी लौट आए और सिक्के भी मिल गए। कंपनी को रिटर्न आर्डर का पार्सल खाली मिला तब डिलीवरी कंपनी से जवाब मांगा गया। जालसाजी सामने आने पर ऑर्डर करने वाले आरोपी और कंपनी के डिलेवरी ब्वाय के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना पुलिस ने बताया कि अक्टूबर 2024 में विजय नाम के व्यक्ति ने ई-कॉमर्स साइट अमेजन से सोने के सिक्के के दो अलग-अलग आर्डर दिए थे। उसने एक आर्डर में आठ सिक्के और दूसरे में छह सिक्कों का आर्डर दिया था।

दोनों ऑर्डर के लिए चूनाभट्टी क्षेत्र की अलग-अलग लोकेशन दी गई थीं। पहले जानकारी और फिर डिलीवरी के लिये शिव इन्क्लेव नामक कालोनी के पते भेजे गए थे। तय समय पर कंपनी ने विजय को आर्डर डिलेवर कर दिया। आर्डर लेने के बाद विजय ने डिलेवरी ब्वाय मनीष कार्तिकार को पार्सल खोलने के एवज में 500 रुपए का लालच दिया।

# तीन चोरियां, लेकिन शक केवल बाबू उसकी गर्लफ्रेंड और दोस्त अमित फावड़ा पर

भोपाल। शहर के गोविंदपुरा थाना इलाके में बीते दिन हुई तीन चोरियों से पुलिस का माथा ही घूम गया। पुलिस रामनवमी के चलते धार्मिक आयोजनो को लेकर काफभ् व्यस्त थी। इसी दौरान एक-एक करके तीन लोग फरियादियो ने थाने में शिकायतें कराते हुए बताया की उनके सामना चोरी हुए है, और तीनो ने ही अपना संदेह बाबू और उसकी गर्लफ्रेंड के और बाबू के दोस्त अमित फावड़ा पर जताया। तीनो शिकायतो में एक जैसै नाम सामने आने पर पुलिस ने एक-एक करके तीन प्रकरण दर्ज किये है। जानकारी के मुताबिक थाने में सबसे पहले पहुचें सुनील सोनी पिता स्वर्गीय रामविलास सोनी (38) ने बताया की वह बरखेड़ा पठानी



स्थित पंचपीर नगर के एफ-सेक्टर में रहते हैं, और फास्टफूट की दुकान चलाते हैं। बीते दिन काम के बाद जब वह घर पहुचे तो उन्हें मकान का ताला टूटा मिला। भीतर जाकर चैक करने पर वॉशिंग मशीन, आटो के दो टायर, बैटरी वाले आटो का चार्जर सहित 35 हजार का सामान गायब मिला। पीड़ित ने बाबू नाम के युवक पर संदेह जताते हुए कहा कि वह अमित फावड़ा के साथ रहता था। और उसे यह जानकारी मिली है की चोरी का माल बाबू ने अपनी गर्लफ्रेंड कनिष्का के घर छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस इस शिकायत पर आगे की कार्यवाही करती उससे पहले दूसरा पीड़ित रामविश्वास वर्मा पिता स्वगीय कैलाश राम वर्मा (44) थाने आ पहुंचा।

# बड़े भाई से विवाद कर रहे बदमाशो ने बीच-बचाव करने आये छोटे भाई की चाकू घोंपकर कर दी हत्या

**भोपाल।** पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में बीती रात एक युवक चाकू घोंपकर हत्या किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बताया गया है की आरोपी का मृतक के बड़े भाई से विवाद हो रहा था, आवाजे सुनकर वह बीच-बचाव करने के लिये घर से बाहर आया। बदमाशो ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू के तीन घातक वार किये जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रीत नगर में रहने वाला 32 वर्षीय कमल कुशवाहा पिता नन्नु लाल ठेके लेकर पुताई का काम करता था।



करीब चार साल पहले उसकी शादी हुई थी, उसकी एक तीन साल की बेटी है। रविवार को वह काम से घर आने के बाद घर में खाना खा रहा था। देर रात उसके घर के बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ की आवाज आने पर कमल का बड़ा भाई ओम प्रकाश ने बाहर आकर देखा तो उसे युवराज व करण सिंह लोधी नाम के युवक घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौज करते हुए उसकी बाइक में तोड़फोड करते नजर आये। कमल किशोर ने उन्हें गाड़ी में तोड़फोड़ और गालियां देने से मना किया तब आरोपियो ने उससे झूमाझटकी करते हुए मारपीट करनी शुरु कर दी। झगड़े की आवाजे सुनकर छोटा भाई कमल घर के बाहर आया और लड़ाई होती देख बीच-बचाव करने का प्रयास करने लगा। इसी बीच आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और धारदार हथियार निकालकर उसके शरीर पर तीन घातक वार कर दिए।

हथियार का एक वार उसके सिर, दूसरा पेट और एक हाथ पर लगने से उसे जानलेवा छोटे आई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आरोपी हथियार लहराते हुए वहॉ से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल कमल किशोर को परिवार वालो ने आसपास के लोगो की मदद से इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने कमल किशोर को मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी।

# पारम्परिक चिकित्सा के संरक्षण की दिशा में झाबुआ में ऐतिहासिक पहल

## मंत्री सुश्री भूरिया ने किया 'डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार' कार्यशाला का शुभारंभ

**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि वर्तमान में पारम्परिक चिकित्सा पद्धति और औषधीय वनस्पतियों से जुड़े सदियों पूराने ज्ञान को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। झाबुआ जिले में पारम्परिक औषधीय ज्ञान को संरक्षित करने की ऐतिहासिक पहल की गई है।

'डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार' कार्यशाला का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि झाबुआ की धरती पर लोक ज्ञान का अपार भंडार है। इस कार्यशाला में 75 से अधिक पारम्परिक जड़ी-बूटी विशेषज्ञों को एकत्रित किया गया है।



मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि जिले के सभी विकासखंडों से एकत्रितहुएइन विशेषज्ञों ने इस अंचल में पाये जाने वाले जड़ी बूटियों का परम्परागत ज्ञान साझा किया है। उन्होंने कहा कि यह परम्परागत ज्ञान विलूप्त न हो जाये और आने वाली पीढ़ियों तक इसके हस्तांतरण के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पूरी दुनिया ने कोरोना काल में आयुर्वेद की शक्ति को पहचाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया है और देश भर में आयुर्वेद का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और इसी से परम्परागत ज्ञान को लिपीबद्ध करने से इसको संरक्षित किया जा सकेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि भविष्य में सभी जानकारियों का सुव्यवस्थित संकलन कर हिन्दी और अंग्रेजी में दस्तावेज तैयार किये जायेगें। इसमें जड़ी बूटियों के नाम, स्त्रोत, प्रयोग विधि, मात्रा, उपलब्धता और उपचार की प्रक्रिया को विस्तार से दर्ज किया जायेगा।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस - विद्यालयीन छात्र -छात्राओं के बीच हुई हेल्थ एवं हाइजीन जागरूकता प्रतियोगिताएं

## शिविरों में 6 हज़ार से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित



**भोपाल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में मातृ एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही विशेष हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित हुए। शिविरों में 6 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुए। स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निबंध, पोस्टर, रंगोली, प्रश्नोत्तरी एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 150 से अधिक फूड बास्केट प्रदान की गईं। इस वर्ष यह दिवस"Healthy Beginnings, Hopeful Futures" की थीम पर मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाए जाने के लिए मातृ शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं आरसीएच पोर्टल के नवीन संस्करण 2.0 का राज्यव्यापी लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया।

अनमोल ऐप के विधिवत उपयोग से बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। जिससे गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य का बेहतर प्रबंधन होगा। यह पोर्टल मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। इस नवीन पोर्टल पर भोपाल के साढ़े पांच सौ अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की संस्थाओं के साथ ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, हमीदिया हॉस्पिटल, सुल्तानिया हॉस्पिटल, गैस राहत चिकित्सालय के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हाई रिस्क महिलाओं को चिह्नांकित किया जा रहा है। बर्थ वेटिंग रूम में प्रसव की संभावित तिथि से एक सप्ताह पूर्व या गर्भावस्था के साथ 37 सप्ताह पूर्ण होने के बाद जटिलता की गंभीरता को देखते हुए गर्भवती महिलाओं को भर्ती किया जा रहा है।

# मध्य प्रदेश में पुलिस के 8,000 पदों पर भर्ती जल्द शुरू होगी, छह साल बाद सब इंस्पेक्टर की भर्ती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लंबे समय से अटकी पड़ी पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर कार्रवाई शुरू होने वाली है। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल इस माह के अंत में करीब आठ हजार पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

इसमें इसमें 7,500 कांस्टेबल और 500 उप निरीक्षक (एसआई) के पद शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय ने कर्मचारी चयन मंडल से जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने का अनुरोध किया है। भर्ती की अधिसूचना इस माह के अंत तक जारी की जा सकती है और शारीरिक दक्षता परीक्षा जून-जुलाई के आसपास हो सकती है।




छह साल बाद हो रही एसआई की भर्ती परीक्षा: एसआई के पदों पर भर्ती परीक्षा छह साल बाद हो रही है। इससे पहले 2018 में सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती हुई थी। इसके बाद लंबे समय तक भर्ती नहीं हो सकी। इसका एक कारण कोविड-19 और पिछले कुछ सालों से भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होना है।

लंबे समय से एसआई भर्ती का इंतजार कर रहे अभ्यर्थी अब उम्र सीमा पार भी कर चुके हैं।

### पांच साल में होगी ढाई लाख पदों पर भर्ती

सरकार ने विधानसभा में सरकारी विभागों के रिक्त पदों को भरने का एलान किया है। सरकार ने कहा कि आगामी पांच साल में सरकार ढाई लाख पदों पर भर्ती करेगी। सभी विभागों के खालों पदों को भरा जाएगा। सरकार ने हर वर्ग को एससी,एसटी और ओबीसी को उनके लिए आरक्षित आरक्षण के अनुसार लाभ देने का भी वादा किया है। वहीं, कांग्रेस भी सरकार पर रोजगार को लेकर हमलावर है। कई अवसरों पर कांग्रेस सरकार को उनके वादे पूरे नहीं करने को लेकर घेर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि कई विभागों में पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार कोई पद नहीं भर रही। सिर्फ वादे कर रही है।

# हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं फसल और घास की ढेरियां

*बिजली कंपनी ने करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने किया आगाह*

भोपाल। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम जनता तथा खेतों में काम करने वाले किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों और घास की ढेरियां हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपनी फसलों को रखें। कंपनी ने उपभोक ?ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी तूफान में खंबे, तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912, उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। जमीन पर पड़े तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें। साथ ही पार करने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे /स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। सावधानी बरतें क्योंकि बारिश के दौरान करंट लीकेज की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी को बिजली के खम्बे, स्टे वायर इत्यादि से न बांधें। कपड़े सुखाने के लिये जी.आई. तार अथवा रस्सी, सर्विस लाईन के पाईप या बिजली के खम्बों से कभी न बांधें। इसमें करंट आने की संभावना बनी रहती है। घर की दीवार, उपकरण, नल आदि में लीकेज करंट आने पर प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से तत्काल ठीक कराएं।

# भारत का महा आर्थिक संकट, शेयर बाजार और बैंकों में हाहाकार

भारत में आर्थिक मंदी जिस तरह से सामने आ रही है। जिसमें अर्थतंत्र के सारे संस्थान डगमगाते हुए नजर आ रहे हैं। शेयर बाजार में पिछले 6 महीने से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इस गिरावट को थामने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक ने लाखों करोड़ रुपया शेयर बाजार में डाला। वह रुपया भी मुनाफा वसूली में शेयर बाजार से बाहर निकल गया। रिजर्व बैंक से केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में डिविडेंड के नाम पर काफी बड़ी राशि वसूल कर ली है। जिसके कारण रिजर्व बैंक का आर्थिक संकट भी सामने दिख रहा है। रही सही कसर सरकारी बैंक पूरी कर रहे हैं। बैंकों द्वारा जो फाइनेंस किया गया है। उसकी वसूली नहीं हो पा रही है। बैंकों द्वारा पिछले वर्षों में खातेदारों से तरह-तरह के शुल्क लगाकर अनाप-शनाप वसूली की जा रही है। एनपीए खाते की रकम का समयोजन कर बैंकों का मुनाफा बैलेंस शीट में लाभ से एडजस्ट किया जा रहा है। पिछले वर्षों में शेयर बाजार में बैंकों द्वारा भारी निवेश किया गया है। जब तक शेयर बाजार में तेजी बनी हुई थी। तब तक बैंकों की बैलेंस शीट मुनाफा उगल रही थी। अब बैंकों की बैलेंस शीट घाटे की ओर आगे बढ़ रही है। जीवन बीमा निगम जैसी कंपनियां लड़खड़ा रही हैं। म्युचुअल फंड और अन्य वित्तीय संस्थान भी शेयर बाजार की गिरावट के कारण आर्थिक हालत खराब होती चली जा रही है। भारत के करोड़ों परिवार कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं ब्लूमबर्ग की जो रिपोर्ट सामने आई है। उसके अनुसार 68 फीसदी कर्जदारों को ईएमआई चुकाने में आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। 45 अरब डॉलर का कर्ज फंसा हुआ है। 91 से 180 दिनों के भीतर लोन की किस्त जमा नहीं होने पर बैंक यह राशि एनपीए में डाल देते हैं। एनपीए 3.3 फ़ीसदी की रफ्तार से बढ़ता चला जा रहा है। 2023 में यह आंकड़ा मात्र 0.8 फीसदी था। भारत में लोन चुकाने के लिए अब लोग लोन ले रहे हैं। आर्थिक संकट के कारण लोगों को अपने बच्चों को स्कूलों से बाहर निकालना पड़ रहा है। बैंकों में लोन डिफाल्टरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रिजर्व बैंक के माध्यम से माइक्रो फाइनेंस के तहत बड़ी मात्रा में पर्सनल कर्जा दिया गया है। इस कर्जा की वसूली नहीं हो पा रही है। 10 में से 9 लोगों के पास औपचारिक और स्थाई नौकरी नहीं है। जिसके कारण वह लोन की किस्त नहीं चुका पा रहे हैं। समूह लोन जो दिया गया था, वह भी वसूल नहीं हो पा रहा है। माइक्रो फाइनेंस के लोन की किस्तें भी लोग नहीं चुका पा रहे हैं। लोगों के पास पर्याप्त आय नहीं है, उनकी मासिक खर्च लायक आमदनी नहीं हैं। माइक्रो फाइनेंस में रिजर्व बैंक ने न्यूनतम आय 3 लाख वार्षिक मानी है। रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार पुर्नभुगतान के लिए 50 फ़ीसदी से ज्यादा वसूली नहीं की जा सकती है। माइक्रो फाइनेंस में परिवार के कई सदस्यों ने अलग-अलग लोन लिया हुआ है। संयुक्त परिवार की मासिक आय 20 से ?25000 के बीच आती है। माइक्रो फाइनेंस की किस्त ही प्रति परिवार को 15 से 20000 चुकाना पड़ रही है। जिसके कारण माइक्रो फाइनेंस में डिफॉल्टर्स की संख्या बढ़ती चली जा रही है। माइक्रो फाइनेंस कंपनियां मनमाना ब्याज वसूल कर रही है। जिसके कारण विवाद और आत्म हत्या जैसी घटनायें बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। भारत में माइक्रो फाइनेंस शहरी क्षेत्र में ज्यादा बांटा गया है। आय की तुलना में कई गुना ज्यादा कर्ज होने से वित्तीय संस्थानों और बैंकों की हालत वसूली नहीं होने बड़ी खराब हो गई है। लोगों ने दिखावे के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लिए, अब वह कर्ज को चुका नहीं पा रहे हैं। बाजार में पैसा नहीं होने के कारण उत्पाद की बिक्री तेजी के साथ घटती चली जा रही है। जिसके कारण उद्योग और व्यापार भी संकट में आ गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो टेरिफ़ बार शुरू किया है। उसने दुनिया के सभी देशों में आर्थिक मंदी का बिगुल बजा दिया है। इसमें सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ रहा है। पिछले 20 वर्षों में आम आदमी, स्थानीय प्रशासन राज्य सरकारें केंद्र सरकार सभी कर्ज लेकर घी पी रहे हैं। सरकार ने पिछले वर्षों में अपने खर्च कई गुना बढा लिए हैं। पिछले 8 वर्षों में जीएसटी के माध्यम से आम नागरिकों से बड़ी मात्रा में टैक्स वसूल किया जा रहा है। राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं द्वारा भी शुल्क और टैक्स के रूप में आम आदमियों से कई गुना राशि वसूल की जा रही है। अब लोगों की कमाई नहीं है। शुल्क और टैक्स भी नहीं दे पा रहे हैं। बैंकों की किस्त नहीं चुका पा रहे हैं। जिसके कारण भारत आर्थिक मंदी का सबसे बड़ा और सबसे पहला शिकार बनने जा रहा है। 2008 की अमेरिकी आर्थिक मंदी का भारत में कोई प्रभाव नहीं पड़ा था। 2025 में भारत के आम परिवारों की बचत पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। अधिकांश लोग कर्ज लेकर अपने शौक पूरे कर रहे थे इस आर्थिक संकट से निपटने के लिए अब लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, वर्तमान स्थिति में वह आर्थिक नीतियों को आर्थिक विशेषज्ञों की मदद से वास्तविक स्थितियों का सामना करे। महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में सरकार की जिम्मेदारी है। वह टैक्सों का बोझ आम जनता के ऊपर कम करे। सरकार का पैसा इस तरह से खर्च हो, जो पूंजीपतियों के हाथ में ना जाकर आम लोगों तक पहुंचे।

**9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवसपर विशेष लेख**

## नवकार महामंत्र जैन धर्म की आत्मिक शक्ति का मूल स्रोत एक आध्यात्मिक चिंतन

जैन धर्म के महान तीर्थंकरों की वाणी में सबसे पहला, सबसे पवित्र और सर्वश्रेष्ठ मंत्र है – नवकार महामंत्र। इसे णमोकार मंत्र या नवकार मंत्र भी कहा जाता है। यह कोई साधारण मंत्र नहीं, बल्कि जैन धर्म की आत्मिक परंपरा का मूल स्तंभ है – जिसकी कोई जाति, पंथ, या भगवान विशेष से सीमित पहचान नहीं है। यह सभी सिद्ध आत्माओं को नमन करने का, समर्पण का, और आत्मशुद्धि का महामार्ग है।

**नवकार महामंत्र का स्वरूप :** णमो अरिहंताणं। णमो सिद्धाणं। णमो आयरियाणं। णमो उवज्झायाणं। णमो लोए सव्वसाहूणं। एसो पंचणमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो। मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं॥

**इस मंत्र में हम पाँच परमेष्ठियों को नमस्कार करते हैं :**

अरिहंत – जिन्होंने सारे राग–द्वेष को जीत लिया है।

सिद्ध – जो कर्मों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त कर चुके हैं।

आचार्य – जो धार्मिक परंपराओं का संचालन करते हैं।

उपाध्याय – जो धर्म का अध्ययन और प्रचार करते हैं।

साधु–साध्वी – जो आत्मकल्याण के पथ पर चल रहे हैं।

**नवकार का महत्व :** यह किसी देवता की स्तुति नहीं है, बल्कि यह उस गुण की वंदना है जो किसी भी आत्मा को सिद्ध बना सकता है। यह मंत्र कर्मों के नाश का कारण है। जैसा कि मंत्र में आता है – सव्वपावप्पणासणो, अर्थात सभी पापों का नाश करने वाला। पढमं हवइ मंगलं – यह सभी मंगलों में सर्वोत्तम मंगल है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नवकार :** जैसा कि आज के विज्ञान युग में हर बात को तर्क और प्रमाण से समझा जाता है, नवकार महामंत्र की ध्वनि और इसकी उच्चारण पद्धति का हमारे चित्त और चेतना पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसकी ध्वनि–तरंगें हमारे मस्तिष्क की तरंगों को शांत करती हैं, चिंता व तनाव को दूर कर मानसिक शांति देती हैं।

**हर दिन की शुरुआत नवकार से क्यों :** जब कोई व्यक्ति दिन की शुरुआत नवकार मंत्र से करता है, तो वह अपने भीतर विनय, संयम, नम्रता, और शुद्धि का भाव लेकर आगे बढ़ता है। यह न केवल आत्मिक बल देता है, बल्कि जीवन के संघर्षों को सहजता से सहने की क्षमता भी देता है।

**संपूर्ण मानवता के लिए संदेश :** नवकार महामंत्र की सबसे सुंदर बात यह है कि यह किसी धार्मिक सीमा में बँधा नहीं है। यह सबके लिए है – क्योंकि यह आत्मा की शुद्धता, सद्गुणों और मुक्ति की कामना करता है। यह एक ऐसा मार्ग दिखाता है, जहाँ व्यक्ति स्वयं की आत्मा को पहचानता है, और दूसरों की आत्मा का सम्मान करता है।

**अंत में यही निवेदन है :** आइए, हम इस नवकार महामंत्र को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ। केवल बोलने तक सीमित न रहें, बल्कि इसके भावों को जीवन में उतारें – तभी हम सच्चे अर्थों में आत्मिक प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**इंदौर में भी :** दिनांक 9 अप्रैल को जीतो के द्वारा पूरे विश्व में इसका आयोजन सुबह 8 से 9.30 किया जा रहा जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित फिल्मी दुनिया की कई हस्तियां आनलाइन जुड़ेंगी ।इंदौर में यह आयोजन जीएसआईटीएस के ग्राउंड में टू वे स्क्रीन के साथ संपन्न होगा जिसमें इंदौर शहर के समग्र समाज के लोगों की सहभागिता होगी।

# मध्यप्रदेश में देश का पहला हिंदू गांव बागेश्वर धाम : पंडित धीरेंद्र शास्त्री

## हिंदू राष्ट्र की मांग कहीं सिर्फ राजनीतिक शिगुफा तो नहीं?

**राजीव खंडेलवाल**



राजनीतिक क्षेत्र में शिवराज सिंह चौहान से लेकर मोहन यादव तक मध्य प्रदेश को सबसे पहले सबसे आगेकई क्षेत्रों में ग्रीनीज बुक ऑफ रिकॉर्डमें दर्ज कराने की कड़ी को तथाकथित धार्मिक क्षेत्रमें बाबा बागेश्वर राम ने हिंदू गांवबनाने की घोषणा कर आगे बढ़ाया है। हिन्दू राष्ट्र की लगातार मांग करने वाले बाबा, बागेश्वर धाम, मध्य प्रदेश के पीठाधीश, पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने हिन्दू एकता यात्राके बाद बागेश्वर धाम (गढ़ा) में हिन्दू गांव की नींव रखते समय जो कथन किया है, उस पर गौर करने की आवश्यकता है। कंठी टीका मधुरी बानी धारकपंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिन्दू राष्ट्र का सपना हिन्दू घर से ही शुरू होता है। हिन्दू परिवार, हिन्दू समाज और हिन्दू ग्राम बनाने के बाद हिन्दू तहसील, हिन्दू जिला और हिन्दू राज्य बनेगा, तब कहीं जाकर हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना पूरी होगी। यह मकान लोग अपने जीवनकाल के लिए ले सकेंगे, उनका क्रय-विक्रय नहीं होगा। उनके इस बयान को दो दृष्टिकोण से देखना होगा। तभी आप वास्तविक स्थिति से रूबरू हो पायेगें।

**सामान्य अर्थ तो सीधा सादा है, परंतु क्या वह अर्थशास्त्री का है?**

एक दृष्टिकोण बिल्कुल सरल (सिंपल) है। एक जगह, ग्राममें लगभग 1000 तिमंजिला मकान बनाना, उस कालोनी का नाम हिन्दू ग्रामदेना व उसे सिर्फ हिन्दूओं, (सनातन धर्म) मानने वालों को ही बसाना पूर्णतः एक वैधानिक कार्य होकर एक नागरिक का संवैधानिक अधिकार भी है। बाबा ने हिन्दू-सनातनी धर्म शब्द का उपयोग किया है। वैसे हिंदू धर्म और सनातनी धर्म जितना एक सा दिखता है, उतना है नहीं। इसमें कुछ बारीक अंतर है, जिस पर फिर कभी चर्चा करेंगे। जमीन बागेश्वर धाम समिति ने उपलब्ध कराई है। इस परियोजना पर आपत्ति करने के बजाए उनकी पीठ थपथपानी चाहिए। हालांकि बाबा आत्ममुग्धता की स्थिति में खुद ही नाचे, खुद ही निछावर करे और खुद ही बलैयां लेकी भूमिका में हैं। उक्त ग्राम में निर्माण की धनराशि मकान लेने वालों से ली जाएगी जो 15 लाख से 17 लाख तक होगी। प्रोजेक्ट दो साल में पूरा होगा। महत्वपूर्ण बात हिन्दू गांव मकान में रहने वालो की जीवन शैली वैदिक संस्कृतिपर आधारित होगी।

**पंडित शास्त्री को हिंदू राष्ट्र को परिभाषित करना होगा?**

पंडित धीरेंद्र शास्त्री हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को धरातल पर उतारने के तारतम्य में राष्ट्रके गठन के लिए जोड़ने वाली प्राथमिक ग्राम इकाईसे लेकर राज्य स्तरकी ईकाई के अनुसार ही हिंदू राज्य, हिंदू जिला, हिंदू तहसील, हिंदू ग्राम, हिंदू समाज, और हिंदू परिवार को कट्टर हिन्दूबनाना चाहते हैं। तकनीकी रूप से उक्त योजना के लिए उक्त क्रमबद्ध कदम तो सही है। परन्तु कंह कुंभज कहँ सिंधु अपारा! बाबा बागेश्वर धाम को पहले यह बतलाना होगा कि उनके हिन्दू राष्ट्रमें कट्टर हिन्दू बनाने से लेकर हिन्दू ग्राम बनाने के बाद अगले क्रम में मेरे जैसे एक हिन्दू को और क्या करना होगा, और कौन-कौन सी आहुतियां उनके विचारों के हिन्दू राष्ट्र बनाने के महायज्ञ में देनी होगी? क्योंकि में जन जन भीतर राम जी, ज्यों चकमक में आगकी उक्ति का अनुसरण करने वाले एक हिन्दूके नाते स्वयं को उस हिन्दू राष्ट्र का रहवासी व नागरिक मानता हूं, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वधर्म, समभावकी भावना संवैधानिक रूप से और वास्तविक धरातल पर सबका साथ सबका विकासके मूल मंत्र के साथ मौजूद है।

**संयुक्त हिन्दू परिवार की आवश्यकता**

हिंदू राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक कट्टर हिंदू परिवार के निर्माण की बात करने वाले बाबा बागेश्वर यह बताने का कष्ट करेंगे कि इस कट्टरतामें क्या हिंदू समाज की रीड की हड्डी संयुक्त हिंदू परिवारजो हमारी संस्कृति की जीवन शैली की पहचान व व्यवस्था थी, जो आज बिखर सी गई है, शामिल है, अथवा नहीं? इसे बिखरने से रोकने के लिए और उसे पुनः जोड़ने के लिए कौन सा अभियान बाबा ने कभी चलाया है? ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार धर्मांतरण द्वारा परिवर्तित हिंदुओं की धर्म वापसीका कार्यक्रम करते हैं। इसके लिए, क्या उन्होंने अपनी कथा वाचन में कभी एक शब्द भी कहा है?

**अनावश्यक बयान।**

पंडित धीरेंद्र शास्त्री का उक्त बयान न केवल अनावश्यक बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द को भंग करने वाला उत्प्रेरक कथनहै। यह संविधान में दी गई बोलने की स्वतंत्रता के मूल अधिकार तथा अनुच्छेद 19 (5) पर भी अतिक्रमण करता है। क्योंकि कोई भी मूल अधिकार पूर्ण (एब्सोल्यूट) नहीं है। उक्त बयान पर कांग्रेस व भाजपा की प्रतिक्रिया भी बेहद निराशाजनक है, जो सिर्फ राजनीति से प्रेरित होकर आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित है। राष्ट्रहित की बात तो निरंक है। इतिहास में ऐसे कई उदाहरण आपको मिल जाएंगे, जब किसी व्यक्ति को कम समय में अपनी क्षमता से ज्यादा सफलता मिल जाती है, तो वह घमंडी होकर सिर चढ़के बोलने लगता है। उल-जलूल बयान देकर वह यह मानकर चलता है, कि उसकी हर बात को उसको चाहने वाले आंख मूंद कर स्वीकार कर लेंगे। लेकिन ऐसा होता नहीं है। बाबा की पहल का समर्थन करते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने रामराज्य की अवधारणाको एक तरफ करते हुए जिस हिन्दू गांवकी कल्पना की है, जिसमें छेड़खानी, कब्जा न हो, गोमान्स का सम्मान हो आदि आदि, ऐसा तो एक भी गांव मेरे हिन्दुस्तान में 77 साल की स्वाधीनता के बाद भी अस्तित्व में नहीं है। इसमें लगभग 28 वर्ष के भाजपा शासन काल भी शामिल है।

**क्या बाबा का हिंदू राष्ट्र भागवत जी की हिंदू राष्ट्र की अवधारणा से अलग है?**

बाबा अपने हिन्दू राष्ट्र, की अवधारणा को पढ़े-लिखे धर्मभीरू हिन्दूव अनपढ़ धर्म प्रेमी हिन्दूपर थोपने के पूर्व माननीय मोहन भागवत जी के गाजियाबाद में एक किताब के विमोचन के अवसर पर दिये गये कथन को सुन ले, पढ़ ले। यह सिद्ध हो चुका है कि हम पिछले चालीस हजार साल से एक ही पूर्वजों के हैं। सभी भारतीयों का डीएनए एक है, भले ही वे किसी भी धर्म के क्यों न हो। इसमें हिंदू मुस्लिम के एकजुट होने जैसी कोई बात नहीं है।

**(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व बैतूल सुधार न्यास अध्यक्ष हैं)**

# चिरंजीवी हनुमान जी एक वैज्ञानिक व्याख्या

**विजेंद्र नानावटी**

राम भक्त हनुमान जी को चिरंजीवी माना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे अमर हैं और आज भी जीवित हैं। रामायण और अन्य पुराणों में यह उल्लेख मिलता है कि हनुमान जी को माँ सीता जी से अमरत्व का वरदान प्राप्त हुआ था। जब हनुमान जी अशोक वाटिका में सीता जी के पास भगवान राम का संदेश लेकर गए थे तब सीताजी ने उन्हें आशीर्वाद दिया था कि तुम अजर अमर और गुण निधि हो और भगवान राम तुम पर बहुत कृपा करें द्य गोस्वामी जी ने रामचरितमानस में लिखा है।

**अजर अमर गुणानिधि सुत होऊ । करहु बहुत रघुनायक छोहू**

**उनकी भक्ति, शक्ति और निष्ठा के कारण उन्हें यह विशेष दर्जा मिला।**

मान्यता है कि हनुमानजी अभी भी पृथ्वी पर मौजूद हैं और भगवान राम के भक्तों की रक्षा करते हैं। कई लोग यह भी विश्वास करते हैं कि कलियुग में हनुमान जी उन स्थानों पर रहते हैं जहां राम नाम का जाप होता है। इसीलिए उन्हें चिरंजीवी हनुमान कहा जाता है।

हनुमान जी के चिरंजीवी होने की अवधारणा मुख्य रूप से हिंदू धर्म की आध्यात्मिक और पौराणिक मान्यताओं पर आधारित है । विज्ञान के नजरिए से अमरता या चिरंजीविता को समझना मुश्किल है, क्योंकि यह जैविक नियमों के विपरीत है। विज्ञान के अनुसार, सभी जीवित प्राणियों का जीवन चक्र होता है– जन्म, विकास, और मृत्यु–जो डीएनए, कोशिका विभाजन, और प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा नियंत्रित होता है। अभी तक विज्ञान ने किसी भी प्राणी के लिए शाश्वत जीवन की संभावना को सिद्ध नहीं किया है। हालांकि, इस अवधारणा को कुछ अन्य तरीकों से परिभाषित या समझा जा सकता है।

**1 प्रतीकात्मक व्याख्या :** हनुमान जी की चिरंजीविता को उनके गुणों जैसे शक्ति, भक्ति, और निस्वार्थ सेवा से अमर होने के रूप में देखा जा सकता है। ये गुण पीढ़ी–दर–पीढ़ी लोगों में जीवित रहते हैं, जिससे उनकी उपस्थिति प्रतीकात्मक रूप से अनंत काल तक बनी रहती है।

**2 ऊर्जा संरक्षण का सिद्धांत:** विज्ञान कहता है कि ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, बल्कि रूप बदलती है। कुछ दार्शनिक इसे आत्मा या चेतना से जोड़कर देख सकते हैं, जिसे हनुमान जी जैसे चिरंजीवी व्यक्तित्वों की निरंतर उपस्थिति के रूप में व्याख्या किया जा सकता है। हालांकि, यह एक विचार है, न कि वैज्ञानिक तथ्य।

**3 सांस्कृतिक निरंतरता :** हनुमान जी की कहानियां, मंदिर, और पूजा आज भी जीवित हैं। इस तरह उनकी चिरंजीविता को सांस्कृतिक और मानसिक रूप से जीवित रहने के रूप में देखा जा सकता है, जो विज्ञान से परे एक सामाजिक सत्य है।

**4 अलौकिक विश्वास :** पौराणिक कथाओं में चिरंजीविता को अलौकिक शक्तियों या दैवीय वरदान से जोड़ा जाता है, जो विज्ञान की वर्तमान समझ से बाहर है। यह विश्वास का विषय है, जिसे प्रयोगशाला में परखा नहीं जा सकता। इसलिए, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसे सिद्ध करना शायद अभी संभव न हो, लेकिन इसे प्रतीकात्मक, दार्शनिक, या आध्यात्मिक संदर्भ में समझा जा सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसे किस नजरिए से देखना चाहते है । हो सकता है आने वाले समय में इसे वैज्ञानिक रूप से भी समझा जा सके, जैसा की वर्तमान में हो रहे कई आविष्कार जिनका उल्लेख हमारे ग्रंथों–पुराणों में हजारों वर्ष पूर्व हो चुका है।

# खेलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

**मैं हमेशा ये सोच के रोता रहा कि छोरा होता तो देश के लिये गोल्ड लाता। ये बात मेरे समझ में न आई कि गोल्ड तो गोल्ड होता है, छोरा लावे या छोरी। साल 2016 में आई आमिर खान की फिल्म दंगल का ये डायलॉग तो हम सभी ने सुना ही होगा। ये महज एक फिल्म का डायलॉग भर नहीं है जिसका आनंद लिया और छोड़कर आगे बढ़ गए, बल्कि ये बहुत गहरी बात है जिसे आज तक हमारा भारतीय समाज पूरी तरह से आत्मसात नहीं कर पाया है। जी हाँ, लिंग समानता को लेकर हम कितनी भी बड़ी–बड़ी बातें क्यों न कर लें, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी भारत में लिंग असमानता बड़े पैमाने पर है जिसका एक जीता जागता उदाहरण खेल की दुनिया है।**




वैसे भी खेलों को लेकर भारत का रवैया हमेशा से सुस्ती भरा रहा है, उसमें भी महिलाओं को प्रोत्साहन मिलना तो बहुत दूर की बात है। ऐसे में पर्याप्त समर्थन के अभाव व सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर अपना परचम लहराने वाली मैरी कॉम, विनेश फोगाट, बबिता फोगाट, मानसी जोशी, दुति चंद, पी.वी सिंधु, हिमा दास जैसी महिला खिलाड़ियों को भूला नहीं जा सकता है। आज हम इस लेख में, अपनी प्रतिभा से खेल की दुनिया और समाज में मिसाल बनीं इन महिला खिलाड़ियों के बारे में तो जानेंगे ही, साथ ही यह भी जानेंगे कि आखिर इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी तुलनात्मक रूप से कम होने की क्या वजह है; क्यों आज भी अधिकाँश घरों के लोग अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में करियर बनाने का समर्थन नहीं करते। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में पुरुषों के वर्चस्व को चुनौती दे रहीं इन महिला खिलाड़ियों के संघर्ष की दास्तां सुनकर आप भी यह कहने को मज़बूर हो जाएंगे कि म्हारी छोरियां छोरों से कम हैं के।

**हिमा दास**– ढिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा दास का जन्म 9 जनवरी 2000 को असम के नगांव जिले के ढिंग गाँव में हुआ था। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पिता के पास मात्र दो बीघा जमीन थी जिस पर खेती करके वह आजीविका चलाते थे। शुरू में हिमा अपने धान के खेतों में ही अभ्यास करती थीं। पैसों की कमी की वजह से उनके पास अच्छे जूते भी नहीं थे। हिमा फुटबॉल में स्ट्राइकर बनना चाहती थीं। एक दिन उनके दौड़ने की क्षमता देखकर किसी ने उन्हें एथलीट बनने की सलाह दी और यहीं से शुरू हुआ उनके एथलीट बनने का सफर। बता दें कि, हिमा ट्रैक स्पर्धा में विश्व स्तर पर गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। हिमा के ज़ज्बे और प्रदर्शन को देखते हुए असम पुलिस में उन्हें उप अधीक्षक (डीएसपी) बनाया गया है। हिमा दास ने कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीता है।

**मैरी कॉम**– बॉक्सर मैरीकॉम का जन्म 1 मार्च 1983 को भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के एक छोटे से गाँव में हुआ था। उनका बचपन भी बहुत गरीबी में गुजरा। बॉक्सिंग शुरू करने के बाद मैरी को पता था कि उनका परिवार उनके बॉक्सिंग में करियर बनाने के विचार को कभी नहीं मानेगा, जिस वजह से उन्होंने इस बात को अपने परिवार से छिपाकर रखा था। साल 1998 से 2000 तक वे अपने घर में बिना बताये इसकी ट्रेनिंग लेती रहीं। सन 2000 में जब मैरी ने मणिपुर में 'वीमेन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप' में जीत हासिल की, और उन्हें बॉक्सर का अवार्ड मिला तब परिवार को उनके बॉक्सर होने का पता चला। बड़ी बात यह है कि, भारत में जहाँ शादी और बच्चों के बाद महिला खिलाड़ी का करियर खत्म माना जाता है, ऐसे में मैरीकॉम ने माँ बनने के बाद भी खेलना नहीं छोड़ा। तीन बच्चों की माँ बनने के बाद भी मैरीकॉम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती। वह दुनिया की एकमात्र बॉक्सर हैं जिन्होंने कुल आठ वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीते हैं।

**विनेश फोगाट**– पहलवान विनेश फोगाट का जन्म 25 अगस्त 1994 को भारत के हरियाणा राज्य में हुआ था, जो कि भारत के सबसे कम लिंगानुपात वाले राज्यों में से एक है। जब विनेश ने अपने गाँव में कुश्ती का अभ्यास शुरू किया तो लड़कों का खेल समझे जाने वाले खेल पहलवानी चुनने और कपड़ों की च्वाइस के लिये विनेश को बहुत कुछ झेलना पड़ा, लेकिन विनेश ने हार नहीं मानी और इस यात्रा में पिता के बाद उनका साथ उनके ताऊ ने दिया। खेल की इस दुनिया में विनेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक और कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगे की शान बढ़ाई है। यह भी जानना ज़रूरी है कि, विनेश वर्ल्ड चैंपियशिप में दो पदक जीतने वाले देश की पहली महिला पहलवान हैं।

**दुति चंद**– विनेश फोगाट जैसी खिलाड़ियों ने जहाँ पुरुष प्रधान मानसिकता को चुनौती दी, वहीं दुति चंद ने गरीबी और जेंडर के इर्द–गिर्द बनी रूढ़ियों को तोड़ा। दुति का जन्म 3 फरवरी 1996 को उड़ीसा राज्य के जाजपुर जिले में हुआ था। इनके पिता एक बुनकर थे। इनकी मां भी बुनकर का काम करती थीं। घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी लेकिन दुति की मेहनत को देखते हुए उनके घर और गाँव वाले सभी को यकीन था कि एक दिन वह बहुत आगे तक जाएँगी।

# एचकेआरएनएल कर्मचारियों की दुर्दशा: सरकारी व्यवस्था का एक और छलावा

**जब भी हरियाणा विधानसभा में खाली सरकारी पदों को भरने की मांग उठती है, सरकार इन कर्मचारियों को केवल आंकड़ों की बाजीगरी में इस्तेमाल करती है। सरकार यह दिखाने का प्रयास करती है कि उसने रोजगार उपलब्ध करा दिया है, लेकिन वास्तविकता में इन कर्मचारियों को केवल अल्पकालिक संविदा पर रखा जाता है। सरकार को तुगलकी फरमान वापस लेना चाहिए और इन कर्मचारियों के लिए नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि सरकार इस दिशा में कदम नहीं उठाती, तो यह हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डालेगा।**

एचकेआरएनएल कर्मचारियों को भी अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह बीमा, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह कर्मचारी मेरिट के आधार पर भर्ती तो होते हैं, लेकिन इन्हें न तो उचित वेतन मिलता है और न ही नौकरी की सुरक्षा। सरकार इन्हें एक अस्थायी समाधान के रूप में इस्तेमाल कर रही है, लेकिन इनके अधिकारों की कोई परवाह नहीं की जा रही। एचकेआरएनएल के तहत काम कर रहे कर्मचारी सरकार के लिए सिर्फ एक अस्थायी समाधान बनकर रह गए हैं। सरकार इनका उपयोग कर वाहवाही तो बटोर रही है, लेकिन इन्हें स्थायी नौकरी देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। जब सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने की बात होती है, तो इन्हीं कर्मचारियों को दिखाकर सरकार आंकड़े चमकाने में लगी रहती है।

**सरकार का तुगलकी फरमान:** एचकेआरएनएल कर्मचारियों की नौकरियों पर संकट हाल ही में सरकार ने एक ऐसा फरमान जारी किया है, जिससे एचकेआरएनएल कर्मचारियों की नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है। सरकार न केवल इन कर्मचारियों को नियमित करने से कतरा रही है, बल्कि अब उन्हें हटाने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। यह निर्णय हजारों परिवारों को बेरोजगारी की ओर धकेल सकता है। सरकार ने पहले 58 साल तक सुरक्षा की गारंटी दी थी, लेकिन जनवरी माह में विभिन्न विभागों में कार्यरत सैकड़ों एचकेआरएनएल कर्मचारियों को हटा दिया गया। जब हटाए गए कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया, तब भी सरकार ने उनकी एक न सुनी। अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को ईद के पवित्र त्योहार पर बड़ा झटका देते हुए नौकरी से हटा दिया गया। पंचकूला मुख्यालय के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने इन कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत सैकड़ों सरप्लस शिक्षकों को भी हटाने का निर्णय लिया है। यह फैसला न केवल शिक्षकों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि शिक्षा प्रणाली पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। शिक्षक लंबे समय से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए समर्पित थे, लेकिन अब उनकी नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है।

**मुख्य समस्याएं :** एचकेआरएनएल के कर्मचारी नियमित सरकारी कर्मचारियों की तरह ही कार्य करते हैं, लेकिन इन्हें मात्र एक तिहाई वेतन मिलता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक रूप से इन कर्मचारियों को कमजोर बना रही है, बल्कि उनके मनोबल को भी गिरा रही है। कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने की समस्या लगातार बनी हुई है। कई बार महीनों तक वेतन अटका रहता है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना करने को मजबूर होते हैं। नियमित कर्मचारियों की तुलना में इन कर्मचारियों से अधिक कार्य लिया जाता है, लेकिन उन्हें कोई स्थायित्व नहीं दिया जाता। नतीजतन, वे हमेशा असुरक्षा के माहौल में कार्य करने को मजबूर रहते हैं। जब भी हरियाणा विधानसभा में खाली सरकारी पदों को भरने की मांग उठती है, सरकार इन कर्मचारियों को केवल आंकड़ों की बाजीगरी में इस्तेमाल करती है। सरकार यह दिखाने का प्रयास करती है कि उसने रोजगार उपलब्ध करा दिया है, लेकिन वास्तविकता में इन कर्मचारियों को केवल अल्पकालिक संविदा पर रखा जाता है। नियमित कर्मचारियों को जहां सभी प्रकार की छुट्टियाँ मिलती हैं, वहीं एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को छुट्टियों की सुविधा तक नहीं दी जाती। इसका असर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

**नौकरी छिनने का खतरा :** सरकार के नए आदेश के अनुसार, एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। यह फैसला उन हजारों कर्मचारियों के लिए बड़ा झटका है, जिन्होंने वर्षों तक सस्ती मजदूरी पर मेहनत की है। अन्य सरकारी योजनाओं से बाहर रखा जानाइन कर्मचारियों को किसी भी सरकारी लाभ, बीमा, पेंशन या अन्य सुविधाओं का अधिकार नहीं दिया गया है, जिससे इनका भविष्य पूरी तरह से असुरक्षित बना हुआ है। नौकरी की अस्थिरता और भविष्य की अनिश्चितता के कारण कर्मचारियों में भारी मानसिक तनाव देखने को मिल रहा है। यह स्थिति न केवल उनके जीवन स्तर को प्रभावित कर रही है, बल्कि उनके परिवारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

**समाधान के संभावित उपाय :** एचकेआरएनएल कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप वेतन दिया जाना चाहिए। यह अन्यायपूर्ण है कि वे समान कार्य के लिए नियमित कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम वेतन प्राप्त करें। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि इन कर्मचारियों को वेतन समय पर मिले ताकि वे आर्थिक संकट से बच सकें। जो कर्मचारी लंबे समय से कार्यरत हैं, उन्हें स्थायी करने की नीति बनाई जानी चाहिए। इससे वे अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे और अपने कार्य में और अधिक दक्षता ला सकेंगे। कर्मचारियों पर जरूरत से ज्यादा कार्यभार डालने के बजाय उनके कार्य को नियमित सरकारी कर्मचारियों के कार्य से संतुलित किया जाए। सरकार को आंकड़ों की बाजीगरी छोड़कर वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिए और एचकेआरएनएल कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1, एमपी नगर, भोपाल - 462011 (मप्र) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साईं दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह (रजत) परिहार, मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 11 अप्रैल को प्रस्तावित यात्रा को लेकर कलेक्टर ने की अधिकारियों के साथ बैठक

## कलेक्टर रुचिका चौहान ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 11 अप्रैल को प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के सिलसिले में कलेक्टर रुचिका चौहान ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी और निर्देश दिए कि समय रहते सभी व्यवस्थायें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को विमान द्वारा वायु सेना के विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी का आगमन होगा। यहाँ पर कुछ देर रुकने के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी अशोकनगर जिले में आनंदपुर ट्रस्ट में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये रवाना होंगे। कलेक्टर चौहान ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### मुख्य सचिव जैन ने भी व्हीसी के जरिए की चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा के संबंध में मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा भी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। व्हीसी व्हीसी में संभागीय आयुक्त कार्यालय से संभागीय आयुक्त मनोज खत्री व आईजी अरविंद सक्सेना शामिल हुए। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# किसानों के समक्ष किया गया हैप्पी सीडर से ग्रीष्म कालीन मूंग की बोनी प्रदर्शन

## नरवाई प्रबंधन की हाइटेक विधि है हैप्पी सीडर

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास जबलपुर द्वारा नरवाई जलने से खेत की उर्वरक शक्ति को होने वाले नुकसान को रोकने किये जा रहे जागरूकता के प्रयासों के तहत आज विकासखण्ड पाटन के ग्राम पोंडी के किसान मुरारी लाल पटेल के खेत में ग्रीष्म कालीन मूंग की बोनी का हैप्पी सीडर से किसानों के समक्ष जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद किसानों को अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने बताया कि हैप्पी सीडर नरवाई प्रबंधन की हाई टेक विधि है। उन्होंने बताया कि हैप्पी सीडर द्वारा फसल काटकर सीधे बोनी की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को नरवाई प्रबंधन से होने वाले फायदों से भी अवगत कराया। किसानों को बताया गया कि नरवाई से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। नरवाई मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ जोड़ती है, जिससे मिट्टी की संरचना, जल धारण क्षमता और उर्वरता बढ़ती है। इसके साथ ही नरवाई मिट्टी की सतह को ढंककर रखती है, जिससे वाष्पीकरण कम होता है और मिट्टी में नमी बनी रहती है। नरवाई खरपतवारों के अंकुरण और विकास को दबाने में भी मदद करती है। यह मिट्टी को बहने और कटने से बचाती है और धीरे-धीरे विघटित होकर मिट्टी में पोषक तत्वों को वापस लाती है। नरवाई मल्च के रूप में कार्य करती है, जो शून्य जुताई जैसी टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाती है। प्रदर्शन के दौरान किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग की बोनी में नरवाई प्रबन्धन के तरीके भी बताये गये। किसानों को बताया गया कि पिछली फसल की कटाई के बाद नरवाई को खेत में ही छोड़ दें और यदि नरवाई बहुत अधिक है, तो उसे काटकर फैला दें ताकि मूंग की बोनी में आसानी हो। यह विधि मिट्टी की नमी बनाए रखने, खरपतवारों को दबाने और मिट्टी के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करती है।

# आज से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा के सातवें संस्करण का आयोजन

## पर्यवेक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई

जबलपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण और जन समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाडा के सातवें संस्करण का आयोजन किया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ के अनुसार पोषण पखवाड़ा के आयोजन को लेकर एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में पर्यवेक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में पोषण पखवाड़ा के आयोजन रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया जरूरी निर्देश दिये गये। श्री सेठ ने बताया कि इस बार आयोजित किया जा रहा पोषण पखवाडा की मुख्य थीम जीवन के प्रथम एक हजार दिवस में केंद्रित गतिविधियां, लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार, समुदाय आधारित तथा पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया जाना है। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के अंतर्गत थीम आधारित आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को कैलेंडर के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी अवगत करा दिया गया है। पोषण पखवाड़े के दौरान पोषण शपथ तथा नारे लेखन के माध्यम से भी जन समुदाय को जागरूक किया जायेगा।

# झील महोत्सव में हाट एयर बैलून, पैरामोटरिंग जैसी साहसिक गतिविधियां का आनंद उठा रहे पर्यटक

## फूड जोन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति कर रही सम्मोहित मंगलवार को बिखरेंगे राजस्थानी लोकसंगीत के रंग

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।



बरगी बांध के समीप स्थित मंडला जिले के ग्राम देवरी बकई में नर्मदा तट पर आयोजित पंद्रह दिनों के झील महोत्सव में साहसिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चल रहे हैं। झील महोत्सव में कल मंगलवार को राजस्थानी लोकसंगीत के रंग दिखाई देंगे। राजस्थान का शिवनारायण समूह चकरी, घूमर चरी और कालबेलिया आदि लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। बरगी की अथाह जल राशि के निकट साहसिक खेल, स्वादिष्ट पकवानों और संगीत की स्वर लहरी लोगों को आनंदित कर रही है। शनिवार से आरंभ हुए झील महोत्सव के तीसरे दिन हाट एयर बैलून पर्यटकों के आकर्षक का केंद्र रहा। इसके साथ-साथ उड़ान भरते पैरामोटर ने आसमान में लाल पीले रंग बिखेर दिए। उधर वाटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत बनाना राइड, वाटर स्कूटर और फ्लाई बोट जैसी राइडों का आंनद पर्यटक उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद के इस 15 दिवसीय आयोजन में बच्चों ने जहा बर्मा ब्रिज और रॉक क्लाइम्बिंग का मजा लिया तो युवाओं ने बंजी जंपिंग लुत्फ उठाया। सभी राइड्स सतपुड़ा स्पोर्ट्स क्लब, पचमढ़ी के प्रशिक्षित युवा करा रहे हैं। पर्यटन सखियों के केनवास बैग की मांग :- झील महोत्सव में लगे डोम में लगा पर्यटन सखियों का स्टॉल लोगों को लुभा रहा है। पर्यटन सखियों के हाथ से बने केनवास के थैलों पर बनी जबलपुर के बैलेंसिंग रॉक, घंटाघर आदि आकृति आंखों में चमक ला देती हैं। ये हस्तशिल्प बनाने वाली महिलाएं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन योजना के अंतर्गत आत्मनिर्भर बनी हैं। मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाई गई है।

# ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे आरओबी का मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में 8 अप्रैल को होगा लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन

ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया व विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं विभागीय मंत्री सिंह व प्रभारी मंत्री सिलावट सहित अन्य मंत्रिगण भी होंगे वर्चुअल शामिल ग्वालियर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण बतौर विशिष्ट अतिथि रहेंगे मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे नवनिर्मित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) को मंगलवार 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। चंद्रबदनी नाका से न्यू कलेक्ट्रेट मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-418 पर विवेकानंद नीडम के समीप लगभग 42 करोड 80 लाख रूपए की लागत से यह आरओबी बनकर तैयार हुआ है। लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी शामिल होंगे। मंगलवार 8 अप्रैल को अपरान्ह 3.30 बजे यहाँ नाका चंद्रबदनी की ओर संभाग आयुक्त कार्यालय के समीप आरओबी का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद भारत सिंह कुशवाह, महापौर श्रीमती डॉ. शोभा सिकरवार, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार व नगर निगम सभापति मनोज सिंह तोमर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किए गए हैं। लगभग 937 मीटर लम्बाई और 76 मीटर स्पान में 42 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग और रेलवे द्वारा इस आरओबी का निर्माण किया गया है। रेलवे द्वारा आरओबी के 37 मीटर भाग का निर्माण किया गया है। आरओबी के रेलवे वाले हिस्से में आई कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण आरओबी पूरा होने में देरी हुई है।

यह आरओबी बनने से एजी ऑफिस ब्रिज पर यातायात का दबाव कम होगा। साथ ही लश्कर कम्पू से लेकर अन्य बस्तियों के निवासियों को कलेक्ट्रेट व न्यू सिटी सेंटर की बस्तियों एवं हाईवे तक जाने में कम दूरी तय करनी पड़ेगी। साथ ही जाम से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आरओबी के साथ-साथ लगभग 7 करोड 87 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन ठाठीपुर व अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन सिरोल का भी वर्चुअल रूप से लोकार्पण करेंगे। ये दोनों छात्रावास 50 ङ्क 50 सीटर हैं और प्रत्येक छात्रावास का निर्माण 3 करोड 93 लाख 38 हजार रूपए की लागत से किया गया है।

# कलेक्टर ने किया 18 जिला कार्यालयों को ई ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर शुभारंभ

## विभिन्न शाखाओं की 12 ई-फाइलों का ऑनलाइन निराकरण किया

विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न विभागों के 18 जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर शुभांरभ किया। कलेक्टर सिंह ने कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की 12 ई-फाइलों का ऑनलाइन निराकरण किया है जिसमें स्थापना, सिविल सूट, जागीर, राहत एसडब्ल्यूबीएन, एएसडब्लू, एएसआर, सतर्कता, एससी, एएससी एवं एसएलआर अदि शाखाएं शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के 18 जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर शुभांरभ किया है उनमें जिला कोषालय अधिकारी, जिला पेंशन अधिकारी, जिला पंजीयक, जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी विदिशा, लोकसेवा प्रबंधन विदिशा, जिला पंचायत विदिशा, जिला वाणिज्य कर, जिला आबकारी अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र, उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला योजना अधिकारी, जिला आपूर्ति अधियकारी, उपसंचालक पशु चिकित्सा, जिला आयुष अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान केन्द्र विदिशा (एनआईसी) शामिल हैं। एनआईसी द्वारा विकसित ई-ऑफिस पोर्टल, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग होने के नाते शासकीय कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज हासिल करने का माध्यम है।

# जिला दण्डाधिकारी ने लगाया नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, तत्काल प्रभाव से लागू हुआ आदेश

## स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य कर दिया गया है

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।

जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत आदेश जारी कर जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में गेहूँ फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य कर दिया गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई का कार्य मुख्यत: कम्बाइन्ड हार्वेस्टर द्वारा किया जाता है और कटाई के बाद बचे हुए गेहूं के डंठलों (नरवाई) से भूसा न बनाकर इसे जलाया जाता है। जबकि भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भूसे एवं चारा की मांग अन्य जिलों और प्रदेश में रहती है। पर्याप्त मात्रा में भूसा.पैरा उपलब्ध न होने के कारण पशु अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे पॉलिथीन इत्यादि खाकर बीमार होते हैं और अनेक बार मृत्यु के कारण पशुधन की हानि भी होती है। नरवाई का भूसा कुछ माह बाद दोगुनी दर पर विक्रय होने के कारण किसानों को यही भूसा बढ़ी हुई दर पर क्रय करना पड़ता है। आदेश में कहा गया है कि नरवाई एवं पैरा में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटना होने से संपत्ति की हानि भी होती है। ग्रीष्मकाल में बड़ते जल संकट में बढोत्तरी का कारक होने के साथ ही इससे कानून-व्यवस्था के लिए विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। इसके अलावा खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन-धन, संपत्ति, प्राकृतिक, वनस्पति और जीव-जन्तु नष्ट होने से व्यापक नुकसान भी होता है।

# सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल : सटोरिया बोला, 70-80 लोगों को बांटना पड़ता है रुपया

## सालीचौका, गाडरवारा क्षेत्र आईपीएल-परंपरागत सट्टे के बड़े अड्डे बने, पुलिस ने साधी चुप्पी

नरसिंहपुर (मध्य स्वर्णिम)।

जिले में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा समेत परंपरागत सट्टा धड़ल्ले से चल रहा है। सोशल मीडिया पर आम आदमी सटोरियों के नाम पर उजागर कर रहे हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई के बजाय चुप्पी साधे हुए है। छोटे-छोटे पट्टी काटने वालों पर 100-200 रुपए का मामला दर्ज कर बड़े खाईबाजों को बख्शा जा रहा है। इसका उदाहरण सामने आया एक कॉल रिकार्डिंग ऑडियो है। जिसमें सटोरिया सट्टा खिलाने के एवज में 70-80 लोगों को रुपए बांटने की बात कहता नजर आ रहा है। मामला पुलिस अधीक्षक कायरलय के संज्ञान में भी है।

सोशल मीडिया पर वायरल आडियो सालीचौका क्षेत्र में आईपीएल खिला रहे सटोरिए का बताया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि सालीचौका समेत गाडरवारा तक यह नेटवर्क फैला हुआ है। रोजाना लाखों रुपए का सट्टा बुक हो रहा है। इसके बाद भी स्थानीय या जिला पुलिस के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। प्रकरण में अब तक न तो संबंधित सटोरिए की पड़ताल की गई। न ही इसकी सीडीआर निकालकर यह पता करने की कोशिश हो रही है कि आखिर वे 70-80 लोग कौन हैं, जो खुलेआम सट्टा खिलाने पर सहमति दे रहे हैं, या उनका इसमें संरक्षण है।

यहां भी बड़ा दांव- जिले में व्यापक पैमाने पर जारी अवैध सट्टा कारोबार पर नकेल कसने में फिलहाल पुलिस नाकाम है। वाट्सएप, फेसबुक पर आमजन द्वारा क्षेत्रवार सट्टा खिलाने वालों के नाम लिखे जा रहे हैं, लेकिन इनकी जांच ही नहीं हो रही है। सोमवार को भी गाडरवारा क्षेत्र में कथित नंदू और सूरज के नाम सामने आए। इसी तरह करेली में मिंटू, बरमान में सुधीर, नरसिंहपुर में दीपक, मेजर, मुकेश व भाऊ, गोटेगांव में गौरी, मुंगवानी में बबलू नाम के व्यक्ति खूब चचर में हैं। शहर से लगे सिंहपुर चौकी क्षेत्र में तो आधा दर्जन सटोरिए सक्रिय हैं। बता दें कि पूर्व एसपी अमित कुमार ने जिले के सटोरियों की पड़ताल कर जो सीडीआर निकलवाई थी, उसमें इन सबके भी नाम थे। हालांकि उनका तबादला होने के बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। अब जबकि सटोरियों और थानों के बीच सीधे कनेक्शन, संरक्षण के आरोप सोशल मीडिया पर वायरल हैं, तब भी पुलिस अधिकारी सट्टे के अवैध नेटवर्क को ध्वस्त करने तकनीकी माध्यमों का सहारा लेने से परहेज कर रही है।

### इनका कहना है

पता किया जा रहा है कि वायरल आडियो किस सटोरिए का है। वह किन 70-80 लोगों को रुपए देने की बात कह रहा है। सीडीआर निकलवाने पर एसपी मैडम से चर्चा करूंगा।

**संदीप भूरिया**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### सांसद की अध्यक्षता में नर्मदा परिक्रमा पथ के समग्र विकास के संबंध में बैठक आयोजित

**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में एवं विधायक बरगी नीरज सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभा कक्ष में नर्मदा परिक्रमा पथ के समग्र विकास के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बनाये गये सिपरी एप के माध्यम से पारम्परिक परिक्रमा पथ का विस्तृत सर्वे पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने शासन की मंशा से अवगत कराते हुये पथ को सुगमता से बनाये जाने, पथ के आस-पास वृक्षारोपण कराये जाने का सुझाव दिया गया। जिसमें जनपद पंचायत के अंतर्गत 45 एवं शहपुरा के 37 ग्रामों से पथ का निर्गम होगा। पथ के आस-पास कच्चा रास्ता होने पर रोड एवं नाला होने पर पुल-पुलिया के कार्य के साथ ही घाट निर्माण कार्य का प्रस्तावित किया गया। परिक्रमा वासियों को यात्रा के दौरान पानी, शौचालय, यात्री निवास आदि की विशेष व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। विधायक बरगी सिंह ने परिक्रमा वासियों को रुकने के लिये लगभग 15 से 20 कि.मी. की दूरी में यात्री निवास, सामुदायिक भवन, स्वस्थ्य सुविधा मुहिया कराने का सुझाव दिया। सांसद दुबे ने कहा कि पूर्व में जो भी साधु-संतों के द्वारा नर्मदा परिक्रमा की गई है, उनका भी सुझाव साझा किया जाए।

### बच्चे देश के भविष्य हैं, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन करें : पटेल



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री पहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के 58वें शपथ समारोह आयोजित की गई।इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी बच्चों अपनी प्रतिभा से आगे बढ़े, गुरु जन उन्होंने सतत मार्गदर्शन करें, ताकि वे अपने सुंदर भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। बच्चे देश के भविष्य होते हैं अत: उनके जीवन संवारने की दिशा में हर संभव प्रयास करना चाहिए।समारोह में विधायक कैंट श्री अशोक रोहाणी, कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा, मप्र विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष श्री राकेश सिंह गुर्जर, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र कुमार बघेल व विवि परिवार मौजूद थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया श्रमदान



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पनागर विकासखंड के ग्राम निरंद्रपुर में परियट नदी के तट पर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। नवांकुर संस्था जनहित स्वयं सेवी संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निरंद्रपुर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण के माध्यम से श्रमदान करके जागरूक किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक पनागर भारत महरोलिया, नवांकुर संस्था प्रभारी संजीत अहिरवार, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजकुमार बर्मन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मानसिक रूप से मंद अविकसित बच्चों को नि:शुल्क आवासीय विद्यालय में मिलेगा दाखिला

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।** मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं के लिये सात नम्बर चौराहे के समीप टप्पा तहसील मुरार परिसर में संचालित शासकीय आवासीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवासीय विद्यालय में डे-केयर के साथ-साथ छात्रावास की नि-शुल्क सुविधा उपलब्ध है, जिसमें भोजन, वस्त्र और बिस्तर की व्यवस्था शामिल है। बच्चों को विशेष शिक्षा एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। शासकीय आवासीय विद्यालय के अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में 6 से 18 आयु वर्ग के मानसिक मंद बच्चों को प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश के लिये बच्चे का यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड, समग्र आईडी, संयुक्त बैंक खाते की पासबुक की फोटोकॉपी व चार फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करने होंगे। प्रवेश के लिये कार्यालयीन समय में प्रात: 11.30 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक बच्चे के साथ उपस्थित होकर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है।

### कलेक्टर ने पायलेट प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज टीएल मीटिंग के दौरान व्हील ग्लोबल फाउंडेशन पायलेट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आठ प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटोलिया, सहित विभिन्न विभागों का अधिकारी गण मौजूद रहे। गौरतलब हो कि जिले में शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण कम करने के उद्देश्य से व्हील ग्लोबल फाउंडेशन एवं आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह के द्वारा आज डब्ल्यूजीएफ के राज्य प्रोजेक्ट मैनेजर श्री राजकुमार राय की उपस्थिति में जिन आठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया है। उनमें बैच क्रमांक दो के मॉनिटर श्री बीएस दांगी, आशा सुपरवाइजर हेमलता शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी सेन, ज्योति राठौर, शारदा दांगी, मोहिनी श्रीवास्तव, रश्मि अहिरवार, एएनएम लक्ष्मी मालवीय शामिल है।

# दंतेवाड़ा में लोन वर्राटू अभियान का असर, तीन इनामी नक्सली सहित 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, मिलेगी सुविधा

## नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नवनिर्मित पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।**

दंतेवाड़ा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू (घर वापस आइए) और राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के प्रभाव से तीन इनामी नक्सलियों सहित कुल 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। यह आत्मसमर्पण सात अप्रैल को दंतेवाड़ा के डीआरजी कार्यालय में हुआ। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में विभिन्न संगठनों के सक्रिय सदस्य शामिल हैं, जो नक्सलवाद की हिंसा, शोषण और जंगल में कठिन जीवन से तंग आकर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला लिया। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ द्वारा लगातार संपर्क, संवाद और सरकार की पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास




किया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 224 ईनामी सहित कुल 953 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नवनिर्मित पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा, उन्हें स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली

राजेश कश्यप पिता सन्नू कश्यप उम्र लगभग 36 वर्ष जिला बस्तर, कोसा माड़वी पिता स्व. डूम्मा माड़वी उम्र लगभग 30 वर्ष जिला दंतेवाड़ा। छोटू कुंजाम पिता सुधरू कुंजाम उम्र लगभग 22 वर्ष जिला बीजापुर, कुमारी रीना ओयाम पिता लखमा ओयाम उम्र लगभग 22 वर्षजिला दन्तेवाड़ा, बंडरा कड़ती पिता सोमलू कड़ती उम्र लगभग 30 वर्ष जाति जिला बीजापुर, गुड्डी ओयाम पिता स्व. सुक्कू ओयाम उम्र लगभग 16 वर्ष जिला बीजापुर, लच्छू उर्फ पटेल ओयाम पिता लक्खू ओयाम उम्र 35 वर्ष जिला बीजापुर, डोग्गा ओयाम पिता मंगू उर्फ कोया ओयाम उम्र लगभग 37 वर्ष जिला बीजापुर, रामदेई कड़ती पति स्व. मंगा कड़ती उम्र लगभग 44 वर्ष जाति मुरिया निवासी बेचापाल गाण्डूकलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, सुक्कू ओयाम पिता पाण्डू ओयाम उम्र लगभग 40 वर्ष, जिला बीजापुर, कुंडा राम ओयाम पिता बोज्जा ओयाम उम्र लगभग 49 वर्ष जिला बीजापुर, मोटू पुनेम पिता बुधू पुनेम उम्र लगभग 23 वर्ष जिला बीजापुर, रमेश हेमला पिता पण्डरू हेमला उम्र लगभग 19 वर्ष ,बीजापुर। बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, नूली ओयाम पिता सुक्लू ओयाम उम्र लगभग 29 वर्ष जाति जिला बीजापुर, कुमारी रीना उर्फ वेत्तेम पदाम पिता कमलू पदाम उम्र लगभग 14 वर्ष जिला बीजापुर, दशरू ओयाम पिता स्व. आयतु ओयाम उम्र 25 वर्ष, जिला बीजापुर,सन्नू तेलाम पिता स्व. सोमडू तेलाम उम्र लगभग 45 वर्ष जाति जिला बीजापुर, सुदरू उर्फ मोक्को ओयाम पिता स्व. पाण्डू ओयाम उम्र लगभग 38 वर्ष , जिला बीजापुर, आयतु उर्फ गुट्टा ओड़ी पिता स्व. सोमडू ओड़ी उम्र लगभग 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी तमोड़ी थाना मिरतुर जिला बीजापुर। राकेश उर्फ पण्डरू ओयाम पिता स्व0 सोमलू ओयाम उम्र लगभग 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी बेचापाल गायतापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर। दयालू लेकाम पिता स्व. मुन्ना लेकाम उम्र लगभग 32 वर्ष, जिला बीजापुर, सन्नू कोवासी उर्फ सन्नो पिता हिड़मो कोवासी उम्र लगभग 29 वर्ष जिला बीजापुर, सायबो वेको पिता बुधराम वेको उम्र लगभग 32 वर्ष जिला बीजापुर,छोटू पदाम पिता लक्खू पदाम उम्र 28 वर्ष , जिला बीजापुर। सुपा उर्फ चन्द्ररू पदाम पिता स्व. आयतु पदाम उम्र लगभग 38 वर्ष जिला बीजापुर, सन्नू कवासी पिता स्व. महादेव कवासी उम्र लगभग 30 वर्ष जिला दन्तेवाड़ा।

# 6900 करोड़ रुपए हुआ छत्तीसगढ़ का रेल बजट

## 5वीं-6वीं रेलवे लाइन से मिलेगा बंपर रोजगार : वैष्णव

**रायपुर (एजेंसी)।**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को रेल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूर खरसिया नया रायपुर-परमलकसा रेल प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को बदलने वाला है। इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर से जुड़ेगा। रेल मंत्री ने कहा कि खरसिया-परमलकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है। यह ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि यह भारत के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है । इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चाँपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे । इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे, 48 बड़े ब्रिज और साथ ही 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा । स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी निर्मित किए जाएंगे । रेल मंत्री ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 278 किलोमीटर रूट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी।

# छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर जवानों की सुरक्षा से खिलवाड़, खतरा बन रहे ये वायरल वीडियो

## जवान हथेली पर लेकर नक्सल ऑपरेशन के तहत दिन-रात सर्चिंग कर रहे हैं

**रायपुर (एजेंसी)।**

छत्तीसगढ़ समेत देश के नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बल के जवान अपनी जान हथेली पर लेकर नक्सल ऑपरेशन के तहत दिन-रात सर्चिंग कर रहे हैं। भीषण गर्मी में जहां लोग घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं। वहीं नक्सल मोर्चे पर तैनात जवान मौसम की परवाह किये बगैर नक्सलियों से लोहा ले रहे हैं। मुठभेड़ में उन्हें मौत की नींद सुला रहे हैं। ऐसे में हमारे जवानों की सुरक्षा को लेकर हैरान करने वाले कुछ वीडियो देखे जा रहे हैं, जो कही से भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया पर अनगिनत वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो सुरक्षा के मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं या यूं कहे कि ऐसे वीडियो से जवानों की सुरक्षा के लिहाज से सही



नहीं है। क्योंकि नक्सली ऐसे वीडियो को देखकर अपने मूवमेंट में बदलाव कर जवानों के लिये खतरा का सबब बन सकते हैं। सोशल मीडिया पर आप ऐसे तमाम वीडियो देख सकते हैं। बड़ी बात ये है कि इन दिनों सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में फोर्स की सुरक्षा को लेकर कुछ भी गोपनीयता नहीं बरती जा रही है। जबकि ऐसी चीजों को वायरल करने से पहले सौ बार सोचना चाहिये।

## यूपी में नौकरी हड़पने के लिए पत्नी ने की पति की हत्या

**बिजनौर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यूपी के मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड के जैसे ही बिजनौर जिले में भी एक महिला ने अपने पति को मार डाला। पत्नी ने हत्या के बाद पति को हार्ट अटैक आने का शोर मचा दिया, लेकिन पूरे मामले का पर्दाफाश पोस्टमार्टम से हो गया। पोस्टमार्टम में सामने आया है कि रेलकर्मी की हत्या हुई है, उसे गला घोंटकर मारा गया है। हार्ट अटैक से उसकी मौत नहीं हुई है। जैसे ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई तो सभी चौंक गए। इस पर मृतक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि नौकरी और फंड हड़पने के लिए पत्नी ने हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की तो मामला खुलता चला गया। अब बिजनौर पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभी यह जांच कर रही है कि पत्नी ने किसके साथ मिलकर पति की हत्या की। बिजनौर के नजीबाबाद इलाके से यह सनसनीखेज मामला सामने आया है। हल्दौर थाना इलाके के मोहल्ला आदर्श नगर में पत्नी और एक साल के बेटे के साथ किराये पर रहने वाले दीपक कुमार (29) रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के कैरिज एंड वैगन में तैनात तकनीकी कर्मचारी थे। बीते चार अप्रैल को दीपक की घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

# चाचा बना चंडाल, कन्या भोज के लिए गई बच्ची को छत पर ले जाकर किया दुष्कर्म

## कार में कर दिया बंद, दम घुटने से मौत, आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग (एजेंसी)।**

मोहन नगर थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्ची का शव कार के अंदर मिलने से सनसनी फैल गई। आक्रोशित लोगों ने थाने का घेराव कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने तीन लोगों से पूछताछ कर रही थी। पूछताछ में पता चला कि बच्ची का चाचा ही मुख्य आरोपी है। पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। दुर्ग शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी सोमेश यादव ने मासूम बच्ची को निर्माणधीन घर की छत पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद घर के पास खड़ी कार में अंदर बंद कर दिया और दम घुटने से बच्ची को मौत हो गई। धूप की वजह से कार गर्म हो गई थी, जिसके कारण उसके शरीर में फफलो पड़ गए थे। बता दें कि मोहन नगर के ओम नगर में रामनवमी के



दिन छह साल की बच्ची कन्या भोज के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर बच्ची के परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को बच्ची घर से कुछ ही दूरी पर एक कार के अंदर से गंभीर हालत में मिली थी। इसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अक्रोशित लोगों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए संदेही के घर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर जांच में जुट गई थी।

# देश-विदेश

### मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

## बांग्लादेश में यूनुस सरकार अपने विरोधियों पर कर रही अत्याचार

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में यूनुस सरकार अपने विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबा रही है। अवामी लीग पार्टी के एक नेता को हिरासत में लिया गया है। अवामी लीग के महासचिव एम ए खालेक उपजिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी किन कारणों के तहत हुई इसका खुलासा नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खालेक को पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। खालेक को शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद सभी पदों से हटा दिया गया था। अगस्त 2024 में सत्ता संभालने के बाद से अंतरिम सरकार ने अवामी लीग के नेताओं पर क्रूर कार्रवाई की, जिनमें से ज्यादातर का आधार बेहद कमजोर था। पिछले महीने तंगेल-5 निर्वाचन क्षेत्र के एक पूर्व विधायक समेत अवामी लीग के तीन नेताओं को राजधानी के भटारा क्षेत्र में जुलाई में हुए छात्र आंदोलन पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इस सप्ताह के शुरू में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि पुलिस को शक था कि वे अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक हैं। आरोपियों ने सिलहट में पार्टी की स्टूडेंट विंग छात्र लीग के पक्ष में जुलूस निकाला था। अवामी लीग के सदस्यों पर हुए हमले में पूर्व मेयर अनवरुज्जमां चौधरी और पूर्व सांसद शफीउल आलम चौधरी नादेल के आवासों पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के छात्र दल के बैनर तले भीड़ ने हमला किया और तोड़फोड़ की। शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद अवामी लीग के कई नेताओं पर क्रूर हमले किए गए और उनकी हत्या कर दी गई। कई रिपोर्टों से पता चलता है कि अगस्त 2024 में देश भर से दो दर्जन से ज्यादा अवामी लीग नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के शव बरामद किए गए हैं।

## भारतीय नौसेना को सलाम, पाक के घायल सैनिक की जान बचाई


**ओमान (एजेंसी)।** सीमा पर रिश्तों में दोनों देशों की तल्खी के बाद भी घायल पाकिस्तानियों को जरूरत पड़ी, तब भारतीय सैनिकों ने मौके पर पहुंचकर घायल सैनिक को पटटी बांधी। खबर है कि ओमान के तट पर काम के दौरान पाकिस्तानी क्रू के एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तब उनकी मदद के लिए भारतीय नौसेना आगे आई। रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के तट पर मौजूद मछली पकड़ने वाले ईरान के जहाज में पाकिस्तानी क्रू के कुछ सदस्य काम में जुटे थे। काम के ही दौरान वे हादसे का शिकार हुए और गंभीर चोट आ गई। खबर है कि उनकी हड्डी टूट गई थी और हाथ में भी गंभीर चोट आई थी। इसकारण पाकिस्तानी क्रू के सदस्य का खून भी काफी बह गया था। घटना के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड ने उनकी मदद की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने कहा, आईएनएस त्रिकंड ने तत्काल अपना रास्ता बदला और नाव तक पहुंचा। युद्धपोत के डॉक्टर कमांडो की मेडिकल टीम के साथ नाव पर पहुंचे। खबर है कि घायल शख्स के इलाज में करीब तीन घंटे का समय लगा। उन्होंने कहा, लोकल एनेस्थीसिया देने के बाद मेडिकल टीम ने अंगुलियों पर टांके लगाए गए और पट्टी बांधी। यह प्रक्रिया करीब 3 घंटे चली। खून का बहना भी नियंत्रण में आ गया था, जिसके चलते अंगुलियों को हमेशा के लिए खराब होने से बचा लिया गया।

### सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में उठाई मांग

# वक्फ संशोधन बिल की तत्काल सुनवाई हो मीलॉर्ड, सीजेआई बोले इसके लिए पत्र लिखें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

वक्फ संशोधन बिल की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इन याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने की मांग सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में उठाई। इस पर सोमवार को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा कि कोर्ट में केसों की लिस्टिंग की एक मजबूत व्यवस्था है। इस तरह मौखिक तौर पर नहीं कहा जा सकता कि आप इस मामले की तत्काल सुनवाई करें। यदि आपको किसी मामले को अर्जेंट लिस्ट कराना है तो फिर उसके लिए पत्र लिखें और वह मेरे समक्ष लाया जाए।



इस पर सिब्बल ने कहा कि ऐसा पत्र पहले ही लिखकर जमा किया जा चुका है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि ठीक है फिर जब मेरे पास पत्र आ जाएगा तो मैं जरूरी कदम उठाऊंगा। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि ऐसी सभी याचिकाएं मेरे समक्ष दोपहर में रखी जाती हैं। ऐसे में उसके लिए अलग से जिक्र करने की जरूरत नहीं। कपिल सिब्बल का कहना था कि कोर्ट तुरंत उस अर्जी पर सुनवाई करे, जिसे जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के मुखिया मौलाना अरशद मदनी ने दायर की है। ऐसी ही मांग वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और निजाम पाशा ने भी दोहराई। इनका भी कहना है कि वक्फ बिल असंवैधानिक है और कोर्ट को उसे खारिज कर देना चाहिए। पाशा और सिंघवी की ओर से उस अर्जी पर प्रतिनिधित्व किया जा रहा है, जिसे एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने दाखिल की है। इस पर भी चीफ जस्टिस ने कहा कि हम किसी मामले की लिस्टिंग से पहले उसके बारे में जानते हैं।

वक्फ बिल के खिलाफ दायर याचिकाओं में एक्ट को ही चैलेंज किया गया है। इस एक्ट में वक्फ बोर्ड के संचालन, रेगुलेशन के नियमों में बड़े बदलाव किए गए हैं। इसके तहत अब आदिवासी इलाकों में किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा किसी मामले में वक्फ ट्राइब्यूनल के अलावा स्थानीय अदालतों से लेकर ऊपरी अदालतों तक में केस दाखिल हो सकते हैं और उनका फैसला ही अंतिम माना जाएगा।

केंद्र सरकार का कहना है कि नए विधेयक से वक्फ बोर्ड का संचालन अच्छे से होगा और व्यवस्था में सुधार हो सकेगा। सरकारी सूत्रों का कहना है कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर मुतवल्लियों यानी केयरटेकर्स ने ही अवैध कब्जा जमा रखा है। इन सबको देखते हुए वक्फ बिल लाया गया है।

# भाजपा नेता के घर को भीड़ ने लगाई आग, कर रहे वक्फ कानून का विरोध

## इंफाल में हुआ वक्फ कानून के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन

**रायपुर (एजेंसी)।**

इंफाल,(ईएमएस)। मणिपुर में वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर स्थिति लगातार तनावपूर्ण होती जा रही है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असकर अली के घर पर गुस्साई भीड़ ने हमला कर आग लगा दी। यह घटना रविवार रात थौबल जिले के लिलोंग क्षेत्र में हुई। इस मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस का दावा है कि भीड़ द्वारा की गई उक्त हिंसा असकर अली द्वारा वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में सोशल मीडिया पर दिए गए बयान के बाद हुई। रविवार रात करीब 9 बजे सैकड़ों लोग असकर अली के घर के बाहर इकट्ठा हो गए। पहले नारेबाजी और तोड़फोड़ की गई, फिर कुछ ही देर में घर में आग लगा दी गई। घटना में घर को गंभीर क्षति हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

घटना के बाद बीजेपी नेता असकर अली ने एक नया वीडियो जारी कर अपने पिछले बयान पर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाएं आहत करना नहीं था और अब वे वक्फ संशोधन कानून का विरोध करते हैं।

जानकारी अनुसार इंफाल घाटी के मुस्लिम बहुल इलाकों में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिले हैं। पांच हजार से अधिक लोग सड़कों पर उतर आए। लिलोंग में एनएच-102 पर प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी। थौबल के इरोंग चेसाबा इलाके में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पें भी हुईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इंफाल घाटी के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

# ईडी ने मंत्री केएन नेहरू के भाई की कंपनी पर की छापामार कार्रवाई, मनी लॉन्ड्रिंग की जांच तेज

## कार्रवाई को कथित आर्थिक घोटालों की कड़ी में एक और अहम कदम माना जा रहा है

**चैन्नई (एजेंसी)।**




तमिलनाडु में अवैध वित्तीय लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को नगर प्रशासन मंत्री केएन नेहरू के भाई रविचंद्रन से जुड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी टीवीएच ग्रुप के कई ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई राज्य में चल रहे कथित आर्थिक घोटालों की कड़ी में एक और अहम कदम माना जा रहा है। ईडी ने चेन्नई में करीब 10 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की टीमें चेन्नई के तेनाम्पेट, अलवरपेट, बेसेंट नगर, सीआईटी कॉलोनी और एमआरसी नगर जैसे पॉश इलाकों में स्थित निर्माण फर्मों और परियोजना स्थलों पर छापे मारे हैं। सूत्रों के अनुसार, छापों का उद्देश्य संदिग्ध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन से संबंधित साक्ष्य जुटाना है।

**डीएमके नेताओं पर बढ़ती जांच की कड़ी :** यह कार्रवाई उस समय हुई है जबकि हाल ही में ईडी ने तमिलनाडु शराब व्यापार क्षेत्र (टेसमेक) में हुई कथित अनियमितताओं पर भी छापेमारी की थी। 6 मार्च को हुई इस कार्रवाई में एसएनजे डिस्टलिरीज, अक्काडु डी, एमजीएम ठेकेदार और शिवा डिस्टिलरी जैसे प्रतिष्ठानों पर भी तलाशी ली गई थी। इस छापेमारी की जद में डीएमके नेता जगतरक्षकन के ठिकाने भी आए थे।

**मंत्री वी. सेंथिल बालाजी के खिलाफ पहले से कार्रवाई :** इससे पहले, ईडी ने डीएमके नेता और मौजूदा बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की थी। उन्हें जून 2023 में कैश-फॉर-जॉब घोटाले में गिरफ्तार किया गया था।

# एफआईआर के खिलाफ कॉमेडियन कुणाल पहुंचे बॉम्बे हाईकोर्ट

## मद्रास हाईकोर्ट पहले ही दे चुका है ट्रांजिट अग्रिम जमानत

**रायपुर (एजेंसी)।**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को गद्दार कहने के मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। कामरा ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। कॉमेडियन कुणाल कामरा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए एफआईआर को रद्ध करने की मांग की है। अपनी याचिका में उन्होंने दावा किया है कि उनके खिलाफ की गई एफआईआर संविधान में दिए गए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यवसाय की स्वतंत्रता और जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि इस मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए।



**21 अप्रैल को हो सकती है सुनवाई :** कॉमेडियन की ओर से यह याचिका अधिवक्ता मीनाज काकलिया ने दायर की है। इस पर 21 अप्रैल को न्यायमूर्ति सारंग कोटवाल की पीठ के सामने सुनवाई हो सकती है। इससे पहले कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से अंतरिम ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिल चुकी है, क्योंकि वे तमिलनाडु के निवासी हैं।

**अब तक समन पर नहीं हुए पेश :** मुंबई पुलिस ने कुणाल कामरा को अब तक तीन बार समन भेजा है, लेकिन वे पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। मामला एक शो के दौरान की गई टिप्पणी से जुड़ा है, जिसमें कुणाल ने एक फिल्मी गाने के जरिए डिप्टीसीएम शिंदे का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करते हुए उन्हें गद्दार कहा था।

# चेन्नई सुपरकिंग्स पर जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब किंग्स

## पंजाब ने इस सत्र में शुरुआती दोनों ही मैच जीत , तीसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा

मुल्लांपुर ( एजेंसी )। पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब ने इस सत्र में शुरुआती दोनो ही मैच जीते थे पर तीसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि इससे टीम के खिलाड़ियों को जाग जाना चाहिये। इससे माना जा रहा है कि इस मैच में पंजाब जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिल सकता है। श्रेयस अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। उसके बल्लेबाज जमकर रन बना रहे हैं। इसके अलावा उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। टीम के पास ग्लेन मैक्सवैल जैसा ऑलराउंर है। इस प्रकार देखा जाये तो पंजाब का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे अब तक एक ही मैच में जीत मिली है। टीम की बल्लेबाजी और





गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी भी अब पहले जैसे फिनिशर नहीं रहे हैं और इसका नुकसान टीम को उठाना पड़ रहा है। इसी कारण टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार तीन मैचों में हारी है। सीएकसके की टीम को सही संयोजन भी तलाशना होगा। सीएसके के पास अब लक्ष्य का पीछा करते हुए निचले क्रम पर फिनिशर के तौर पर केवल शिवम दुबे ही बचे हैं। ऐसे में विपक्षी टीम अगर 180 से अधिक रन बना लेती है तो सीएसके लिए उसका पीछा करना भी कठिन हो जाता है। इसका कारण है कि शिवम आक्रामक बल्लेबाजी तो करते हैं पर वह कई मैचों में असफल भी रहे हैं। धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स की परेशानी इसलिए भी बढ़ी है कयोंकि उसका शीर्ष क्रम रन नहीं बना पा रहा है। इसी कारण कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की जगह मध्यक्रम में उतरना पड़ रहा है। पंजाब किंग्स से मुकाबला इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि पंजाब के पास स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिनका समाना करना सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं टीमें

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

# अगले माह टेनिस कोर्ट में वापसी करेंगे सिनर

## पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर खेलते नजर आयेंगे

नई दिल्ली ( एजेंसी )। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर अब पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर खेलते नजर आयेंगे। सिनर सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे और उन्होंने विश्व में जो नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी वह भी पहले की तरह ही रहेगी। सिनर को गत वर्ष मई में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाया गया था जिसके बाद से ही वह निलंबित चल रहे थे पर इसके बाद उनका उनका विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से समझौता हो गया था। इससे बाद उन्हें केवल तीन माह ही निलंबन में और गुजारने थे। ये निलंबर इसी माह समाप्त हो जाएगा।



इस दौरान उनके जीते खिताब ओर ईनामी राशि भी वापस नहीं ली जाएगी। उनको इस प्राकर की सुविधा मिलने से काफी विवाद भी उठा था। वहीं विश्व के कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने नाराजगी भी जतायी थी। इन खिलाड़ियों का का मानना है कि डोपिंग मामले में इस प्रकार का समझौता सही नहीं है। इससे खेलों में डापिंग को बढ़ावा मिलेगा। वहीं जो खिलाड़ी इस प्रकार के कामों में लिप्त नहीं होते उन्हें ये अपने साथ धोखा लगेगा क्योंकि डोपिंग में लिप्त खिलाड़ी भी उन्हीं के बराबर में आ जाएंगे। ऐसे में लोग सभी को समान मानेंगे। इसी को लेकर तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्विटजरलैंड के स्टैन वावरिंका ने सोशल मीडिया में लिखा, 'खेल में पारदर्शिता नहीं रहेगी।वहीं विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने कहा, 'टेनिस में अब निष्पक्षता पर सवाल उठे। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। उन्हें स्टार खिलाड़ी होने का लाभ मिला जो गलत तरीका है। वहीं दानिल मेदवेदेव ने कहा कि अब हर कोई डोपिंग में लिप्त होने के बाद इसी प्रकार से समझौते करेगा।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### धोनी बोले, आईपीएल से संन्यास का फैसला फिटनेस के आधार पर करुंगा

**चेन्नई ( एजेंसी )।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि अभी वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास नहीं ले रहे और इस मामले में कोई भी फैसला अपनी फिटनेस के आधार पर करेंगे। धोनी ने कहा कि वर्तमान सत्र के बाद अपनी फिटनेस का आंकलन करने के बाद ही वह अगले सत्र में खेलने पर कोई फैसला करेंगे। वहीं आईपीएल से संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल पर धोनी ने कहा कि मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और इसी पर ध्यान दे रहा हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और एक बार में एक साल तक की ही बात कर सकता हूं। जब यह सत्र खत्म होगा, तब तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। इसलिए, मेरे पास यह तय करने के लिए अभी करीब 10 महीने हैं कि मैं अगले साल खेल सकता हूं या नहीं। उन्होंने कहा कि ये मेरे चाहने या न चाहते की जगह फैसला इस पर आधारित होगा कि मेरा शरीर क्या चाहता है। यह शरीर है जो आपके लिए फैसले लेता है। मैं खेल जारी रख सकता हूं या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं शारीरिक रूप से कैसा महसूस करता हूं। अभ मैं इस बात पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि इस सत्र में क्या करना होगा। वहीं इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वह बल्लेबाजी में भी निचले क्रम पर उतरे। धोनी ने कहा कि खेल में मिली सफलता कड़ी मेहनत और अनगिनत व्यक्तियों के समर्थन का परिणाम हैं।



### विवादित जश्न पर दिग्वेश राठी ने दिया चौंकाने वाला बयान



**कोलकाता ( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के युवा स्पिनर दिग्वेश राठी अपने विवादित जश्न के कारण सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्हें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्रवाई झेलनी पड़ी थी। अब उन्होंने इस पर बात की है। मंगलवार को लखनऊ का गत विजेता केकेआर से सामना होगा। यह मैच रविवार को ईडेन गार्डस में खेला जाना था लेकिन राम नवमी के कारण स्थगित कर दिया गया था। मुकाबले से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत, स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन, केकेआर के दिग्गज ऑलराउंडर सुनील नरेन और दिग्वेश राठी नजर आ रहे हैं। इस दौरान पंत युवा स्पिनर को नरेन से मिलवाते हैं और कहते हैं कि ये सारा दिन आपके बारे में बोलता है। तभी पूरन दिग्वेश से सवाल करते हैं कि नरेन ने विकेट लेने के बाद कोई जश्न नहीं मनाया, आपने ऐसा क्यों किया? जवाब में दिग्वेश कहते हैं मैं दिल्ली से हूं। इसके बाद मैदान पर मौजूद सभी खिलाड़ी हंसने लगते हैं। दिग्वेश ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में प्रियांश आर्या का विकेट लेने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन किया था। इसके कारण उनपर बीसीसीआई ने मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया था और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा। इसके बाद उन्होंने अगले मैच में मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद फिर से नोटबुक लिखने की शैली में जश्न मनाया, जिसके बाद बोर्ड ने उनपर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया।

### दो साल के लिए बैन हुआ यह खिलाड़ी बना इंग्लैंड का कप्तान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह जोस बटलर की जगह टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपना पद छोड़ दिया था। इंग्लैंड का प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी में काफी खराब रहा था और टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई थी। इंग्लैंड ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए थे जिससे उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था। इंग्लैंड क्रिकेट ने सोमवार को हैरी ब्रूक को टीम की कमान सौंपी। 26 वर्षीय बल्लेबाज अब टी20 और वनडे की कप्तानी करते नजर आएंगे। उन्हें आईपीएल में दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने आईपीएल के 18वें सत्र की शुरुआत से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया। यह लगातार दूसरा सत्र है जब ब्रूक ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है।

### आराम से पोलार्ड प्लीज फिर से चोटिल मत कर देना



**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस की टीम के लिए आईपीएल 2025 अब तक कुछ खास नहीं रहा है। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। एमआई ने अब तक चार में से तीन मैच गंवाए हैं और अंक तालिका में आठवें स्थान पर मौजूद है। हालांकि, सोमवार को उनका सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से अपने घरेलू मैदान पर है और हार्दिक पांड्या की टीम चाहेगी कि चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जबरदस्त वापसी की जाए। मुंबई की टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी हो चुकी है और वह आज का मैच खेलते दिखेंगे। हालांकि, प्रैक्टिस सेशन के दौरान एक ऐसी घटना घटी जिसने मुंबई के फैंस को डरा कर रख दिया था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर खूब मीम्स भी शेयर हो रहे हैं। दरअसल, प्रैक्टिस सेशन के दौरान बुमराह का जोरदारा स्वागत किया गया। मुंबई के गेंदबाजी कोच पोलार्ड ने इस दौरान बुमराह को गोद में उठा लिया। इससे फैंस डर गए और वह सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बुमराह ने प्रैक्टिस सेशन में भी हिस्सा लिया और सभी खिलाड़ियों से मिले–जुले। उन्होंने रोहित शर्मा से बात की। साथ ही कप्तान हार्दिक पांड्या को गले भी लगाया। साथी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के साथ भी वह बातचीत करते दिखे। बुमराह ने यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की और आरसीबी को उन्हें हल्के में न लेने की चेतावनी दी। वह मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ गंभीर चर्चा करते भी नजर आए।

# आईपीएल के इस सत्र में अब तक फ्लाप रहे हैं ऋषभ पंत

## ऋषभ ने अब तक खेले चार मैचों में केवल 19 रन बनाए

नई दिल्ली ( एजेंसी )। लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत अभी तक इस सत्र में फ्लाप रहे हैं। ऋषभ ने अब तक खेले चार मैचों में केवल 19 रन बनाये हैं। ऋषभ से जहां प्रशंसकों को चौके और छक्कों की उम्मीद थी। वहीं वह अब तक के मैचों में एक ही छक्का लगा पाये हैं। इससे प्रशंसकों में निराशा है। बल्लेबाजी के अलावा कप्तानी में भी वह विफल रहे हैं। इसी कारण सुपरजायंट्स को अब तक चार में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह अंक तालिक में पहले पांच में भी नहीं हैं। ऐसे में ऋषभ अब सबसे निशाने पर हैं। सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 27 करोड़



में खरीदा और टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी भी सौंपी पर । पर वह असफल रहे। इस बल्लेबाज ने पिछले चार मैचों में कुल 19 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 15 रन रहा है। उन्होंने ने अब तक चार मैचों में कुल 32 गेंदों का सामना किया। इस दौरान वह एक ही छक्का लगा पाये हैं। आंकड़ों से आप पंत की बल्लेबाजी को समझिए। अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स के सामने वह खाता भी नहीं खोल पाये थे। वहीं इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 15 रन ही बना पाये। पंजाब किंग्स के सामने वह दो रन ही बना पाये। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में भी वह दो रन बनाकर पवेलियन लौटे।

# आईपीएल के शुरुआती सत्र में पाकिस्तान क्रिकेटर तनवी ने जीती थी पर्पल कैप

## सोहेल तनवी को तब रॉयल्स ने 40.16 लाख रुपए रुपये में खरीदा

नई दिल्ली ( एजेंसी )। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आजकल धूम है और इसमें दुनिया भर के क्रिकेटर नजर आ रहे है हालांकि पाकिस्तान के खिलाड़यों को इसमें शामिल नहीं किया जाता पर साल 2008 में हुए सत्र में पाक खिलाड़ियों को भी इसमें खेलने का अवसर मिला था। तब पाक के एक खिलाड़ी सोहेल तनवीर ने शेन वार्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी। तनवी को तब रॉयल्स ने 40.16 लाख रुपए रुपये में खरीदा था। इस गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट के लिए पर्पल कैप भी मिली थी। इस गेंदबाज ने तब 11 मैचों में कुल 22 विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन से राजस्थान टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। फाइनल में भी तनवीर ने 1 विकेट लेकर



टीम की सीएसके पर जीत में अहम भूमिका निभाई थी। तनवीर को राजस्थान ने नीलामी में साल 2008 में खरीदा था। तब वह 40.16 लाख रुपए में राजस्थान की टीम में शामिल हुए थे। सोहेल ने पहले ही सत्र में ही सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप जीती थी। उन्होंने 11 मैचों में सबसे अधिक 22 विकेट लिए थे। इस कारण उन्हें 10 लाख रुपए की इनामी राशि भी मिली थ। इस सत्र में बाद सोहेल सहित पाक खिलाड़ी इसलिए नहीं खेल पाये क्योंकि मुम्बई हमले के बाद बीसीसीआई ने पाक खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# बेहतर फुटबॉलर बनने ट्रेनर की सलाह पर ध्यान दे भारतीय खिलाड़ी : एडमिल्सन

## एडमिल्सन रियाल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना की ओर से भी खेले हैं

मुम्बई ( एजेंसी )। जोस एडमिल्सन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बेहतर बनने के लिए ट्रेनर की सलाह पर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिये। एडमिल्सन रियाल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना की ओर से भी खेले हैं। एडमिल्सन के अनुसार फुटबॉल प्रबंधन को ये भी देखना चाहिये की खिलाड़ी क्या चाहते हैं।

एडमिल्सन अभी पूर्व खिलाड़ियों के एक टूर्नामेंट के लिए भारत आये हुए हैं। एडमिल्सन ने कहा, एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी बनने की तकनीक हासिल करने से पहले कई तरह की चीजों को सीखना होता है। इसलिए खिलाड़ियों को ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना होगा और देखना होगा कि वे क्या चाहते हैं। ब्राजील की 2002



विश्व कप विजेता फुटबॉल टीम के सदस्य रहे इस खिलाड़ी ने कहा, एक अच्छा खिलाड़ी बनाने से पहले उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना होगा। और यह बहुत अहम है। कई जगहों पर बच्चे खिलाड़ी बनने का सपना देखते हैं पर उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिनका समाधान करना होगा। पेपे अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी की तुलना में पुर्तगाल टीम के उनके साथी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अच्छा डिफेंडर मानते हैं।

इस खिलाड़ी ने कहा, मुझे क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम लेना होगा क्योंकि मैं उनके साथ ट्रेनिंग करता हूं। मुझे पता है कि उनके खिलाफ कितना कठिन है। उन्होंने कहा कि क्रिस्टियानो एक ऐसे फुटबॉलर रहे हैं जिन्होंने संघर्ष किया है और रियाल मैड्रिड को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने मैनचेस्टर युनाइटेड, युवेंटस, पुर्तगाली राष्ट्रीय टीम को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने हमेशा बहुत सारे मैच जीते हैं। मुझे पता है कि उनके साथ ट्रेनिंग करना कैसा होता है। उन्होंने बहुत मेहनत की है।

# क्लार्क ने यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी को शानदार बताया

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों प्रशंसा की

मुम्बई ( एजेंसी )। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने आइपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी की जमकर प्रशंसा की है। क्लार्क ने कहा है कि ये दोनो किसी भी मैच को पलट सकते हैं। क्लार्क ने कहा, 'जायसवाल शुरुआती मैच में असफल होने के कारण पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स लगाने से उनका मनोबल बढ़ा जिससे टीम तेजी से आगे बढ़ी। वह मैदान के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह शुरुआत में संयम से खेले और कुछ गेंदें और पहले ओवर में जमीनी शॉट लगाये तो विरोधी टीम के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकता है।



टळळउन्होने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स पहले से अलग टीम नजर आयी है। उसकी सलामी जोड़ी विस्फोटक है। उसके बल्लेबाज काफी अच्छे हैं। वहीं भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने युवा रियान पराग की जमकर प्रशंसा की ओर कहा, 'मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए पंजाब के खिलाफ मैच में रियान पराग की पारी काफी अहम थी। ये सही है कि उन्हें यशस्वी ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी पर बाद में पराग ने स्कोर आगे बढ़ाया।

# सिराज आईपीएल में 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में शामिल

## पर्पल कैप की दौड़ में दूसरे नंबर पर पहुंचे गेंदबाज

हैदराबाद ( एजेंसी )। गुजराज टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में चार विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सिराज अब इस लीग में 100 विकेट लेने वाले 26 वें गेंदबाज बन गये है। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, संदीप शर्मा, हर्षल पटेल, मोहित शर्मा, मोहम्मद शमी, आशीष नेहरा, आर विनय कुमार, जहीर खान और शार्दुल ठाकुर ने ही 100 विकेट लिए हैं। सिराज अपने इस प्रदर्शन के साथ ही सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के भी दावेदार बनकर उभरे हैं। सिराज ने सनराइजर्स के खिलाफ 17 रन देकर 4



विकेट लिए और हैदराबाद को 152 रन पर रोक दिया। अब उनके नाम पर 4 मैचों में 13 की औसत के साथ 9 विकेट हो गए हैं। वह पर्पल कैप की दौड़ में दूसरे नंबर पर हैं। सिराज ने गत दिनों जब आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर 3 विकेट ली थी तो टीम कोच आशीष नेहरा ने उनकी जमकर तारीफ की थी। उन्होंने कहा कि सिराज ने दिखाया कि वह नई गेंद के साथ कितने खतरनाक हो सकते हैं।

# नीरज अगले माह हरियाणा के पंचकूला क्लासिक भाला फेंक इवेंट के एक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेंगे

## चोपड़ा अगले माह हरियाणा के पंचकूला में एक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेंगे

पंचकूला ( एजेंसी )। ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगले माह हरियाणा के पंचकूला में एक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नीरज यहां 24 मई को क्लासिक भाला फेंक इवेंट में शामिल होंगे। इसी के साथ ही नीरज एक साल से भी अधिक समय के बाद किसी घरेलू टूर्नामेंट में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। इससे पहले घरेलू मैदान पर अंतिम बार वह मई 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में उतरे थे। अब 374 दिनों के बाद नीरज भारत में प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। इससे पहले अंतिम बार वह मई 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में उतरे थे। भारतीय




एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि नीरज चोपड़ा के अलावा इस क्लासिक इवेंट में विश्व के कई अन्य टॉप भाला फेंक खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता की तैयारियों अभी जारी है। नीरज टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता है हालांकि पेरिस ओलंपिक में वह रजत पदक ही जीत पाये थे। विश्व चैम्पियनशिप सही कई और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वह नंबर एक स्थान पर रहे हैं। सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से सभी को अंदाज हो जाएगा कि भारत एथलेटिक्स के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। सागू ने कहा, 'यह टूर्नामेंट उसी स्थान पर हो रहा है जहां नीरज ने अपने जूनियर शिविर का अधिकांश समय बिताया था। नीरज की भागीदारी के साथ देश में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना खुशी की बात है। नीरज ने इसी स्टेडिया में शुरुआत की थी। इसके बाद वह दोहा डायमंड लीग में खेलेंगे।थ"

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिये प्रदेशभर में हुआ औचक निरीक्षण, 35 कार्यों का किया गया मूल्यांकन

**भोपाल।** प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल में हर माह दो बार सॉफ्टवेयर से रैंडमली चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में 5 अप्रैल 2025 को प्रदेश के 7 जिलों हरदा, बालाघाट, अशोकनगर, अलीराजपुर, सीधी, उज्जैन एवं टीकमगढ़ में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के अंतर्गत कुल 35 निर्माण कार्यों का चयन रैंडम आधार पर किया गया, जिनमें 14 कार्य पीडब्ल्यूडी (सड़क/पुल), 13 कार्य पीआईयू, 6 कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, 1 कार्य मध्यप्रदेश भवन विकास निगम एवं 1 कार्य पीडब्ल्यूडी (एनएच) से संबंधित थे। निरीक्षण के बाद प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में की गई, प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रमुख अभियंता के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता एस.आर. बघेल, सभी मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा में टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा–मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षणकर्ताओं ने सराहना की।

### जल संरचनाओं के संरक्षण और भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सशक्त कदम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान सफलतापूर्वक जारी हैं। यह अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक कदम है। इसमें हर नागरिक को जोड़ने का उद्देश्य है, जिससे हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित बना सकें और भावी की पीढ़ी को जल संकट से मुक्ति दिला सकें। यह अभियान जल संरचनाओं के सतत संरक्षण और भविष्य की जल आवश्यकतों की पूर्ति के लिये एक सशक्त कदम है। राज्य में अभियान अन्तर्गत स्थनीय जनप्रतिनिधियों, आमजनों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल बचाव के लिये विभिन्न गतिविधियाँ की जा रही हैं। बैतूल जिले में जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जनभागीदारी से एक प्रेरणादायी पहल की गई। बैतूल के जयप्रकाश वार्ड स्थित माचना नदी के दामादैयात घाट पर एक वृहद नदी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें इस विशेष अभियान में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बैतूल सांसद डी.डी. उइके सहित जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक सभी ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री उईके ने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

### ज्ञान दान अभियान की प्रेरणादायक शुरुआत

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 7 अप्रैल 2025 से 'ज्ञान दान अभियान' की शुरुआत की गई है। इस सराहनीय पहल का शुभारंभ राज्य कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह ने किया। अभियान का जरूरतमंद विद्यार्थियों तक प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक किताबों को पहुँचाना है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। सीईओ श्रीमती सिंह ने आमजन से आग्रह किया गया है कि वे पुरानी व उपयोग में न आने वाली यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, स्कूल–कॉलेज स्तर की किताबें और सामान्य ज्ञान व संदर्भ ग्रंथ दान कर सकते हैं। ये पुस्तकें आजीविका मिशन के राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यालयों, सीटीसी–सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र या गांवों में मौजूद स्व–सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों के माध्यम से एकत्र की जाएंगी। यह अभियान किताबों का आदान–प्रदान कर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की एक सशक्त मुहिम है। आमजन से अपील है कि वे इस अभियान से जुड़कर किसी के सपनों को उड़ान देने में भागीदार बनें।

### बनासकांठा दुर्घटना के प्रभावित परिवारों को हर संभव की जा रही है मदद

भोपाल। गत दिनों गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में हरदा जिले के प्रभावित परिवारों को प्रशासन द्वारा हर संभव मदद देने की कार्यवाही लगातार जारी है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बताया कि दुर्घटना में मजदूर परिवारों के कुल 11 सदस्यों की मृत्यु हो गई थी। इन सभी 11 मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री सहायता कोष से दो–दो लाख रुपए तथा गुजरात शासन की ओर से चार–चार लाख रुपए की मदद स्वीकृत की गई है। इसके अलावा सभी 11 मृतकों के परिजन को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की राशि से 2–2 लाख रुपए की मदद मृतकों के परिजनों को दी जा चुकी है। साथ ही संबल अनुग्रह योजना से 3 मृतक श्रमिक के परिवारों को चार–चार लाख रुपए की मदद भी दी गई है। हरदा कलेक्टर सिंह ने बताया कि संबल योजना में पंजीबद्ध 8 मृतक मजदूरों के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता के रूप में पांच–पांच हजार रुपए की सहायता भी दी गई है।

### विद्युत भार (लोड) स्वीकृत करवायें एवं जुर्माने से बचें

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनों निम्नदाब के गैर घरेलू और औद्योगिक (पॉवर) उपभोक्ताओं के परिसरों का व्यापक चैकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान उपभोक्ता परिसर में विद्युत भार (लोड) में वृद्धि के प्रकरण पकड़े जा रहे हैं। कंपनी द्वारा विद्युत भार की वृद्धि स्वेच्छा से कराने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने का भी अभियान इन दिनों चलाया जा रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कंपनी के पोर्टल पर स्वेच्छिक ऑनलाइन आवेदन कर भार वृद्धि करा लें।

बिजली कंपनी में नवीन कनेक्शन के लिए जब कोई व्यक्ति अधिकृत आवेदन देता है तो उसके परिसर में भार (लोड) की गणना कर भार निर्धारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में नया कनेक्शन देने के लिए बिजली कर्मचारी परिसर का लोड सर्वे करते हैं। यह भार (लोड) विद्युत प्रणाली में जोड़ा जाता है। इसलिए इसे संयोजित भार या कनेक्टेड लोड कहा जाता है।

# मध्यप्रदेश में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आयः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा अनुबंध



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकार से समृद्धि के विजन के अंतर्गत मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने विशेष स्थान बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में संपन्न बैठक में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में आगामी 13 अप्रैल को भोपाल में हो रहे राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता और गृहमंत्री श्री अमित शाह का आगमन प्रस्तावित है। बैठक में डेयरी विकास एवं पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है कि किसानों और पशुपालकों से दूध की खरीद सुनिश्चित हो और उन्हें दूध की सही कीमत प्राप्त हो। श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य होगा।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ अनमोल 2.0 का शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाया जाएगा। इस दिशा में प्रदेश में निरंतर कार्य हो रहा है। सरकार के साथ समाज को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय करना है। शासकीय, अशासकीय और अर्द्धशासकीय स्तर पर नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में अनेक प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर होटल कोर्टयार्ड मैरियट में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मातृ–शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस अभिनव कार्यक्रम की रचना के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का भारत है और पूरी दुनिया इसे देख रही है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता सामने आई, जब आपदा के अवसर के मंत्र पर काम करके भारत ने वैक्सीन तैयार की और अपने राष्ट्र के नागरिकों के साथ ही अनेक राष्ट्रों को भी सहायता दी। अथक अनुसंधान से देश की नागरिकों को निःशुल्क वैक्सीन मिल जाने से जहां उनके स्वास्थ्य को ठीक करने में सहायता मिली, वहीं यह वैक्सीन सभी का मनोबल बढ़ाने में भी उपयोगी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वह काफी कठिन दौर था, जब हमारी जनता कष्ट में थी, लेकिन श्रेष्ठ प्रबंधन से राष्ट्र में टीकाकरण का प्रभावी कार्य हुआ और रोग पर नियंत्रण हुआ।

# निष्ठा, धैर्य के साथ न्याय संगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्वः राज्यपाल

## राज्यपाल, एडीपीओ ट्रेनिंग के समापन सत्र में हुए शामिल



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि निष्ठा और धैर्य के साथ न्यायसंगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि तथ्य ही सत्य है। तथ्यों पर आधारित दलील का कानून स्वाभाविक रूप से साथ देता है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि क्षमताओं और कार्यकुशलता को विकसित कर विभाग को और अधिक ऊँचाइयों पर पहुँचाने की चुनौती में प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान तथा अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी होगा।

राज्यपाल पटेल सोमवार को केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी (सीएपीटी) भोपाल में आयोजित सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल पटेल ने इस अवसर पर 10 सहायक लोक अभियोजकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने अकादमी परिसर में गोल्डन चंपा का पौधा भी लगाया।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वो स्तम्भ है, जिस पर नागरिकों की गहरी आस्था है। वह उसे सबसे अधिक आदर भाव से देखते हैं। न्याय व्यवस्था में अभियोजन अधिकारियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, बहुआयामी है। उनकी जिम्मेदारी पीड़ितों के लिए मुकदमा चलाने तक सीमित नहीं है। कोर्ट के समक्ष सबूत पेश कर दोषी को सजा और पीड़ित को न्याय दिलाना है।

अभियोजन अधिकारी के रूप में अपराध नियंत्रण में पुलिस की जांच में गुणवत्ता लाने, शासकीय विभागों को कानूनी सलाह देने, प्रकरणों में अपील करवाने और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में राज्य सरकार की और से की जायेगी हर संभव मदद



भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि प्रदेश के 16 नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में राज्य सरकार की और से हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि निकायों को और अधिक अधिकार देकर सशक्त बनाया जायेगा। नगर निगम महापौरों को सुरक्षा की दृष्टि से गनमैन दिलाने के लिये गृह विभाग को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को विकास कार्यों में तेजी लाने के लिये महापौर से बेहतर समन्वय रखने के निर्देश भी दिये। मंत्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में प्रदेश के नगर निगम महापौर और आयुक्तों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय और नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त सिबि चक्रवर्ती भी मौजूद थे।

बैठक में 19 जुलाई, 2024 को नगरीय विकास मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन की समीक्षा की गयी। बैठक में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनी को वैधता देते समय इस बात का ख्याल रखा जाये कि इससे नगर के विकास में रुकावट न आये। बैठक में सौर ऊर्जा के माध्यम से नगरीय निकायों के बिजली बिलों में कमी लाने पर चर्चा की गयी।

# दुर्गेश केसवानी को साइबर क्राइम्स पर शोध के लिए मिली पीएचडी की डिग्री, स्वर्गीय पिता को की समर्पित




**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और समाजसेवी दुर्गेश केसवानी को सोशल मीडिया के संदर्भ में साइबर अपराधों पर किए गए शोध के लिए रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई है। उन्हें इस शोध कार्य के लिए साल 2021 में पीएचडी की उपाधि मिली थी। विश्वविद्यालय के लॉ विभागाध्यक्ष प्रो. नीलेश शर्मा के मार्गदर्शन में उन्होंने यह शोध कार्य पूरा किया था, आज उन्हें रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा तीसरे दीक्षांत समारोह में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में डिग्री प्रदान की गई।

उनका शोध विषय था: "A Critical Study of Cyber Crimes with Special Reference to Social Media in Central India"। इस विषय पर करीब 5 वर्षों तक गहन अनुसंधान करने के बाद उन्हें पीएचडी के साथ एचडी अवार्ड से भी नवाजा गया।

इस सम्मान को विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अध्यक्ष संतोष कुमार चौबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। दुर्गेश केसवानी ने यह उपलब्धि अपने स्वर्गीय पिता निर्मल कुमार केसवानी जी को समर्पित करते हुए भावुकता व्यक्त की।

# प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आधुनिक खेल परिसर, सभी नगरीय निकायों में होंगे फिट इंडिया क्लब



**भोपाल।** प्रदेश में खेलों के विकास को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। हर विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय आधुनिक खेल परिसरों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में फिट इंडिया क्लब खोले जाएंगे, जहां बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में खेलों के उन्नयन के लिये प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने, नगरीय निगम के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद खेल मैदानों व अधोसंरचना का उन्नयन कर खेल गतिविधियों को गति दी जा सकती है। बैठक में नगरीय निकायों और खेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे राज्य भर में खेलों का व्यापक प्रसार और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न पहल की जाएगी। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। इन क्लबों में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक में सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन के लिये क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें।

# 1 मई से कलेक्टर कार्यालय में ई–ऑफिस प्रणाली होगी लागू : कलेक्टर

## समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समय–सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी अपने कार्यालय को ई–ऑफिस सेटअप तैयार कर लें। एक मई 2025 से कलेक्टर कार्यालय द्वारा ई–ऑफिस के अंतर्गत कार्य संचालित किया जाएगा। कोई भी फाईल की हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सभी एसडीएम को अपने–अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल, पटाखों की दुकान एवं अन्य संस्थानों का फायर ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में समग्र आईडी को आधार से लिंक कराने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व अभियान अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आरओआर लिंकिंग के कार्य को शीघ्र अति ? शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को अवैध माईनिंग एवं अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एडीएम को एसडीएम कोर्ट एवं एसडीएम को तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करने आदेशित किया गया। टीएल बैठक में कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा कर शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए : राजेन्द्र शुक्ल

## रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में हुए शामिल




**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण की फैक्ट्री होते हैं और शिक्षकगण इन संस्थाओं के कुशल कारीगर होते हैं। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अपने ज्ञान का प्रयोग समाज के उत्थान में करें। केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं, समाज और देश के विकास में भी भागीदारी आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि बड़े पद पर पहुँचने के बाद ही असली कार्य प्रारंभ होता है। अपने योगदान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे राष्ट्र के तीव्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अधोसंरचना, आर्थिक समृद्धि, और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को दोहराया और कहा कि 'स्किल, स्केल और स्पीड' के तीन स्तंभों पर काम किया जा रहा है।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि 'धरती से दौलत निकालनी होगी'– इस विचारधारा को मूर्त रूप देते हुए 'नदी जोड़ो परियोजना' के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नव युग की शुरुआत हो रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज युवाओं के पास विकास के बहुत अवसर हैं।

### अधिकारियों को अपने अधिकारों की जानकारियॉ होना चाहिएः गुलशन बामरा

**भोपाल।** प्रमुख सचिव जनजाति गुलशन बामरा ने कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों के साथ अपने से वरिष्ठ अधिकारी के अधिकारों की भी जानकारियॉ होना चाहिए। प्रमुख सचिव बामरा सोमवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के 22 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। हमारी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, जब प्रदेश की कुल जनसंख्या के एक तिहाई से अधिक लोगों के विकास और उन्नति का दायित्व हमें सौंपा गया हो। इस अवसर पर आयुक्त श्रीमन शुक्ल एवं आयुक्त सुवंदना वैद्य भी उपस्थित थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नहर सफाई एवं जल संवाद कार्यक्रम संपन्न

भोपाल। जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में चूनाभट्टी क्षेत्र स्थित नहर पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती अर्चना शर्मा, तहसीलदार, एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक श्री अमिताभ श्रीवास्तव और श्री वरुण आचार्य सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नहर की सफाई से की गई, जिसमें पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र–छात्राओं, नगर निगम भोपाल एवं वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट की अहम भूमिका रही। बड़ी संख्या में बच्चों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।